आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यशभारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 16 अंक 293 ● कटनी ● सोमवार, 28 नवम्बर, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● अगहन मास शुक्ल पक्ष-5 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

## बदला लेने पड़ोसी की बच्ची से दुष्कर्म कर हत्या शव जंगल में फेंका



**सतना, यशभारत।** सतना जिले में फिर एक सनसनीखेज मामला सामने आया जहां पड़ोसी से बदला लेने के लिए एक युवक ने सात साल की मासूम को अगवा कर लिया और जंगल ले जाकर करने के बाद गला घोट कर हत्या कर दी। मासूम का दस दिन बाद जंगल मे कंकाल मिला। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। यह पूरी घटना सभापुर थाना क्षेत्र के नयागांव की है। सात साल की बच्ची 17 नवंबर से लापता थी। जिसका कंकाल बुंदेला पुरवा के जंगल में मिला। सतना जिले के नयागांव से 17 नवम्बर को साथ साल की मासूम लापता हो गई थी। परिजनों ने सभापुर थाने में गुमसुदगी दर्ज कराई और परिजनों के साथ पुलिस बच्ची की तलाश में जुटी रही। पुलिस ने बच्ची के लापता होने पर अपहरण का मामला दर्ज कर तलाश कर रही थी। शक के आधार पर पुलिस ने बच्ची के पड़ोसी राजेश रजक को हिरासत में लिया। मोबाइल काल रिकार्ड के आधार पर पुलिस ने राजेश से पूछताछ शुरू की। राजेश गोल-मोल जवाब देकर पुलिस को गुमराह करने की कोशिश करता रहा। सख्ती बरतने पर राजेश ने पूरा हाल बयां किया और फिर उसने जो बताया उससे सभी के होश फाख्ता हो गए। राजेश ने बच्ची का दुराचार और हत्या बदला लेने की नीयत से किया था।

# दिल्ली में श्रद्धा जैसा मर्डर, पति के 22 टुकड़े किए

## फ्रिज में रखा, बेटे के साथ फेंकने जाती थी...6 महीने पहले की हत्या



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के पांडव नगर में सोमवार को श्रद्धा मर्डर जैसा एक और केस सामने आया। एक महिला ने बेटे के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी। उसके 22 टुकड़े कर फ्रिज में रखे। रात के वक्त मां और बेटा टुकड़े फेंकने जाते थे। यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। न्यूज एजेंसी ने सोमवार को इस घटना के सीसीटीवी फुटेज जारी किए हैं। हत्या करीब 6 महीने पहले जून में की गई थी। दिल्ली क्राइम ब्रांच ने मां-बेटे को गिरफ्तार कर लिया है।एजेंसी ने जो सीसीटीवी फुटेज जारी किया, वो 1 जून 2022 का है। फुटेज में रात करीब 12.44 पर दीपक हाथ में एक बैग लेकर जाता दिखाई दे रहा है। उसके पीछे मां पूनम भी दिखाई दे रही है। पुलिस ने कहा कि ये उन ट्रिप्स में से एक की फुटेज हैं, जिनमें वो टुकड़े फेंकने के लिए रात में जाते थे। दिन की भी एक फुटेज सामने आई है, पुलिस का कहना है कि इसमें वे टुकड़े फेंकने के लिए जगह की तलाश करने निकले थे। पुलिस को बॉडी पार्ट्स 5 जून को दिल्ली के पांडव नगर इलाके में पेट्रोलिंग करने के दौरान मिले थे। ये बुरी तरह सड़ चुके थे और इस वजह से इनकी पहचान मुश्किल हो गई थी। इसी बीच श्रद्धा मर्डर केस से जुड़ी जानकारियां सामने आने लगीं और पुलिस ने इस मामले को उससे जोड़कर जांच शुरू कर दी। अब पुलिस को जांच के दौरान पता चला है कि बॉडी अंजन दास की है, जो त्रिलोकपुरी में रहते थे, हत्या भी वहीं की गई।पुलिस ने बताया कि पूनम ने अपने बेटे दीपक के साथ मिलकर अंजन की हत्या कर दी। पूनम को शक था कि अंजन के अवैध संबंध हैं। सबसे पहले महिला ने अपने पति को नींद की गोलियां दीं और उसके बाद हत्या कर दी। इसके बाद बेटे के साथ मिलकर बॉडी के टुकड़े किए और उन्हें फ्रिज में रख दिया। इसके बाद पांडव नगर और आसपास के इलाकों में कई चक्कर लगाकर टुकड़े फेंक दिए।

## 2 साल की बेटी को सीने से दबाकर मार डाला

बेंगलुरु, एजेंसी। बेंगलुरु में एक टेक्नीशियन ने अपनी 2 साल की बच्ची की हत्या कर दी। उसने पुलिस को बताया कि उसके पास बच्ची को खाना खिलाने के पैसे नहीं थे। बच्ची की जान लेने के बाद उसने आत्महत्या की कोशिश की, लेकिन बच गया।घटना 15 नवंबर की है। बच्ची की डेड बॉडी 16 नवंबर को कोलार के केनदत्ती गांव की झील में मिली।इस झील के किनारे पुलिस को एक नीले रंग की कार भी मिली। इसे देखकर गांव के लोगों ने कोलार पुलिस को सूचना दी। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने पिता की तलाश शुरू की, जिसके बाद 16 नवंबर को बेंगलुरु रेलवे स्टेशन से आरोपी पिता को गिरफ्तार किया गया। मामले का खुलासा अब हुआ है।आरोपी की पहचान 45 साल के राहुल परमार के नाम से हुई है। वह गुजरात का रहने वाला है और दो साल पहले अपनी पत्नी भव्या के साथ बेंगलुरु शिफ्ट हुआ था।

## बिहार में मोबाइल टावर की चोरी



### चोरों ने जमीन मालिक से कहा- घाटा हो रहा है, 3 दिन में खोल ले गए

**पटना ,एजेंसी।** बिहार में लोहे के पुल और रेल इंजन के बाद अब मोबाइल टावर चोरी होने का मामला सामने आया है। घटना राजधानी पटना की है। चोरों ने जमीन मालिक से कहा कि कंपनी बंद हो गई है, इसलिए टावर हटा रहे हैं। इसके बाद चोर 3 दिन में सरेआम टावर का एक-एक हिस्सा खोलकर ले गए। मोबाइल टावर GTPL कंपनी का है, जो पटना के गर्दनीबाग इलाके में लगा हुआ था। चोर यहां कंपनी के अधिकारी-कर्मचारी बनकर आए थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि चोर लगातार तीन दिन तक जिस रास्ते से टावर का एक-एक हिस्सा लेकर जा रहे थे, वहां से हम रोज गुजरते थे। हमें लगा वे कंपनी के लोग हैं, इसलिए कभी किसी ने टोका तक नहीं। अब पता चला कि वह चोर थे। गर्दनीबाग में ललन सिंह की जमीन पर टावर लगा था। उनके पड़ोसी मनोज सिंह ने बताया कि चोरों ने कंपनी बंद होने का हवाला देकर टावर हटाने की बात कही थी। इसके बाद ललन सिंह को भी लगा कि उनकी जमीन खाली हो जाएगी। वो भी टावर हटाने पर सहमत हो गए। इसके बाद 10 चोर लगातार 3 दिन तक 50 मीटर का टावर गैस कटर से काटकर टुकड़ों-टुकड़ों में पिकअप वैन पर समेट ले गए।

## कांग्रेस की यात्रा में युवकों ने लगाए मोदी-मोदी के नारे

### राहुल बोले- बुलाओ उन्हें तो भाग गए



**इंदौर, यशभारत।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा सोमवार को बड़ा गणपति चौराहे से शुरू हुई। सांवेर रोड मॉडर्न चौराहे के पास यात्रा में 2 युवकों ने मोदी-मोदी के नारे लगाए। राहुल गांधी रुके और कहा- बुलाओ उन्हें। तब तक दोनों युवक भाग चुके थे। कांग्रेस नेताओं के मुताबिक बड़ा गणपति से यात्रा जिंसी चौराहा से किला मैदान होते हुए मरीमाता चौराहे पहुंचेगी। इसके बाद यात्रा विधायक संजय शुक्ला के घर के सामने से होते हुए बाणगंगा से होते लवकुश चौराहा जाएगी। लवकुश चौराहे से अरविंदो हॉस्पिटल होते हुए चौराहे से आगे विधायक संजय शुक्ला के फॉर्म हाउस पर लंच ब्रेक के लिए रुकेगी। राहुल गांधी रेवती रेंज पर पुलिस और पैरा मिलिट्री फोर्स के जवानों से मिले।यात्रा ने रास्ते में होटल मेरी मर्जी पर टी ब्रेक लिया।

#### इंदौर के राजबाड़ा में सभा

एमपी की आर्थिक राजधानी माने जाने वाले इंदौर में राहुल गांधी का फोकस व्यापारियों और उनसे जुड़े मुद्दों पर रहा। उन्होंने राजबाड़ा में एक सभा को संबोधित करते हुए एक बार फिर से नोटबंदी और जीएसटी के मुद्दे पर बीजेपी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि जो काम चाइना की सेना नहीं कर सकती है, वो काम इन दोनों पॉलिसियों कर दिया है।

## चीन में सख्त लॉकडाउन के खिलाफ लोग सड़कों पर

### 9 शहरों में प्रदर्शन; जिनपिंग गद्दी छोड़ो चीन को अनलॉक करो के नारे लगे



**बीजिंग, एजेंसी।** चीन में जीरो कोविड पॉलिसी के खिलाफ लोग सड़क पर उतर आए हैं। बीजिंग से शुरू हुए ये प्रदर्शन अब 9 बड़े शहरों तक पहुंच गए हैं। पुलिस ने इन्हें रोकने के लिए लाठी चार्ज से लेकर लोगों को गिरफ्तार कर रही है, लेकिन लोगों का गुस्सा खत्म नहीं हो रहा है। रविवार की रातभर लोग सड़कों पर प्रदर्शन करते रहे। इस दौरान लोग नारेबाजी करते हुए लॉकडाउन हटाने और आजादी देने की मांग कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने कहा- हमें फ्रीडम ऑफ प्रेस, फ्रीडम ऑफ एक्सप्रेशन, फ्रीडम ऑफ मूवमेंट चाहिए। हमें हमारी आजादी दे दो। लोग राष्ट्रपति शी जिनपिंग से इस्तीफा मांग भी कर रहे हैं। चीन में लगातार कोरोना बढ़ रहा है। 27 नवंबर को कोरोना के 40 हजार मामले सामने आए हैं। ये अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। चीन में अब एक्टिव केस का आंकड़ा 3 लाख के पार हो गया है। इसके चलते शी जिनपिंग सरकार ने कई तरह के प्रतिबंध लगा दिए हैं।

## भोपाल में पहली बार बने तीन ग्रीन कॉरिडोर

### एक्सीडेंट में ब्रेन डेड 23 साल के युवक का दिल अहमदाबाद भेजा



**भोपाल, यशभारत।** राजधानी भोपाल में आज एक साथ तीन ग्रीन कॉरिडोर बनाए गए। 23 साल के युवक के अंगों से पांच लोगों को नया जीवन मिलेगा। युवक का दिल अहमदाबाद में धड़केगा। किडनी और दूसरे ऑर्गन भोपाल, इंदौर, हैदराबाद के मरीजों को दिए जाएंगे। पुलिस अफसरों की मौजूदगी में सुबह 9 बजे युवक के अंगों को रवाना किया गया। सोहागपुर के रहने वाले अनमोल जैन का 17 सितंबर को एक्सीडेंट हो गया था। उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उन्हें ब्रेन डेड घोषित कर दिया। अनमोल के भाई गौरव जैन ने बताया कि पूरे परिवार ने फैसला किया कि अगर किसी को नई जिंदगी मिले, तो इससे बेहतर क्या हो सकता है। अस्पताल के डॉक्टरों के साथ चर्चा के बाद परिवार ने सहमति जताई। अस्पताल प्रबंधन ने ऑर्गन ट्रांसप्लांट कमेटी से संपर्क कर अंगदान की प्रक्रिया पूरी की। सुबह 9.40 बजे पहली एंबुलेंस एयरपोर्ट के लिए रवाना हुई।दूसरी एंबुलेंस 10.3 बजे इंदौर के लिए रवाना हुई।

#### भोपाल के चिरायु हॉस्पिटल भेजी किडनी

डॉक्टरों की टीम ने अनुमति मिलने के बाद अंग प्रत्यारोपण की प्रक्रिया शुरू की। अनमोल की किडनी भोपाल में ही मरीज को दी जाएगी। किडनी प्रत्यारोपण चिरायु मेडिकल कॉलेज में किया जाएगा। लिवर इंदौर के एक मरीज को दिया जाएगा। आंख और त्वचा को हमीदिया अस्पताल को दिया गया है।अनमोल के परिजन लंग्स भी दान करना चाहते थे। अंगदान समिति ने इसके लिए राष्ट्रीय अंग और ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (नोटो) से संपर्क किया। देर रात तक इसके लिए कोई रिसीवर नहीं मिल सका था। अधिकारियों ने बताया कि जैसे ही कोई रिसीवर मिलेगा, लंग्स को प्राइवेट प्लेन से मरीज के पास भेज दिया जाएगा।

#### पहली बार तीन कॉरिडोर

अंगों को सुरक्षित मरीजों को पहुंचाने के लिए सुबह सात बजे पहला ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया। अनमोल के दिल को सिद्धांता अस्पताल से एयरपोर्ट पहुंचाया गया। यहां से दिल विशेष प्लेन से अहमदाबाद भेजा जाएगा। दूसरा कॉरिडोर सिद्धांता अस्पताल से चिरायु अस्पताल के बीच बनाया गया, जिससे किडनी पहुंचाई गई।आखिरी कॉरिडोर से लिवर को सिद्धांता अस्पताल से इंदौर ले जाया जाया गया है।

## धर्मांतरण पर सुको में अहम सुनवाई



**नई दिल्ली, एजेंसी।** धर्मांतरण के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट में आज अहम सुनवाई होगी। आज केंद्र सरकार अपना पक्ष रखते हुए हलफनामा पेश कर सकती है। जस्टिस एमआर शाह और जस्टिस हिमा कोहली की पीठ ने 14 नवंबर को इस मामले में पिछली सुनवाई की थी। तब सर्वोच्च ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया था और 22 नवंबर तक जवाब दाखिल करने को कहा था। पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि छल-बल और लोभ-लालच से कराए जाने वाला धर्मांतरण (मतातंरण) बेहद गंभीर है। अगर इसे नहीं रोका गया तो स्थिति मुश्किल हो सकती है। सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील अश्विनी उपाध्याय की याचिका पर यह सुनवाई हो रही है। याचिका में धर्म परिवर्तनों के ऐसे मामलों को रोकने के लिए अलग से कानून बनाए जाने की मांग की गई है।

## महबूबा को 24 घंटे का अल्टीमेटम




**श्रीनगर, एजेंसी।** पूर्व मुख्यमंत्री और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी चीफ महबूबा मुफ्ती को जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने 24 घंटे में सरकारी बंगला खाली करने का नोटिस दिया है। यह बंगला दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले की हाउसिंग कॉलोनी खानाबल में क्वार्टर नंबर सात है। डिप्टी कमिश्नर अनंतनाग के भेजे गए नोटिस में कहा गया है, आपको 24 घंटे के भीतर सरकारी क्वॉर्टर को खाली करने के लिए कहा जाता है, ऐसा न करने पर आपके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले 20 अक्टूबर को को भी उन्हें बंगला खाली करने का नोटिस भेजा गया था।

## मुंबई एयरपोर्ट से 40 करोड़ की हेरोइन पकड़ाई

**मुंबई, ईएमएस।** मुंबई एयरपोर्ट पर 8 किलो हेरोइन पकड़ी गई है। डीआरआई कस्टम्स के मुताबिक, रविवार को अधिकारियों ने 40 करोड़ रुपए के ड्रग्स के साथ दो विदेशी नागरिकों को हिरासत में लिया। टीम को खुफिया जानकारी मिली थी कि दो यात्री ड्रग्स की तस्करी के लिए मुंबई आने वाले हैं, जिसके बाद अधिकारियों ने जाल बिछाया और आरोपियों को हिरासत में लिया गया।




# केरल के थाने में हमला, 36 पुलिसकर्मी घायल

## अडाणी पोर्ट बनने का हो रहा विरोध; 5 लोगों की हिरासत के बाद प्रदर्शनकारियों ने हमला किया



**तिरुवनंतपुरम, ईएमएस।** केरल में अडाणी पोर्ट के निर्माण के खिलाफ हो रहा विरोध प्रदर्शन हिंसक रूप ले लिया है। प्रदर्शकारियों ने विझिंजम थाने पर रविवार की रात हमला कर दिया है। इसमें 36 पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सभी का नजदीकी अस्पताल में इलाज चल रहा है। दरअसल, विझिंजम में लोग अडाणी पोर्ट नहीं बनने देना चाहते। इसके विरोध में 120 दिनों से प्रोटेस्ट कर रहे हैं। रविवार को पुलिस ने 5 लोगों को अरेस्ट कर लिया। इसी के बाद गुस्साए लोगों ने थाने में हमला कर दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, भीड़ इतना ज्यादा गुस्से में थी कि लाठी और पत्थरों से पुलिसकर्मियों पर हमला किया। पुलिस की गाड़ियों में आग लगा दी। इससे पुलिस की 4 जीप, 2 वैन और 20 मोटरसाइकिलों क्षतिग्रस्त हो गईं। थाने में फर्नीचर और जरुरी दस्तावेजों को भी नष्ट कर दिया गया है।थाने में हमले के बाद इलाके में तनावपूर्ण स्थिति है। विभाग ने क्षेत्र में 200 अतिरिक्त पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है।

### क्या है पूरा मामला?

विझिंजम में लोग अडानी पोर्ट निर्माण को रोकने और तटीय कटाव का अध्ययन करने की मांग कर रहे हैं। इनमें स्थानीय निवासी, मछुआरे और लैटिन कैथोलिक सूबा के सदस्य शामिल हैं। 120 दिनों से चल रहे प्रोटेस्ट में बीच-बीच हिंसा भी हुई। इसी को लेकर विझिंजम पुलिस ने रविवार को ही लैटिन आर्क बिशप थॉमस जे नेट्टो और अन्य पादरियों सहित 50 प्रदर्शनकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया। स्वढ्रक्र में साजिश रचने और हिंसा में शामिल होने की बात कही गई है। इसी के बाद पुलिस ने 5 लोगों को हिरासत में लिया और हिंसा भड़क गई।

# शीतलहर नवंबर में पारा रिकार्ड नीचे



**कटनी, यशभारत।** हवाओं का रुख पूरी तरह से उत्तरी हो गया है। उत्तर भारत से आ रही ठंडी हवाएं लोगों को सिहराने लगी है। रात का न्यूनतम पारा नौ डिग्री के इर्द-गिर्द मंडरा रहा है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे में मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई है। दो किमी प्रतिघंटे की गति से चली उत्तरी ठंडी हवाओं के कारण रात में ठंडक का अहसास बढ़ने लगा। मौसम का मिजाज ऐसा है कि तापमान में मामूली घट-बढ़ का दौर जारी रहने के बावजूद वातावरण में ठंडक बरकार है। पिछले करीब एक सप्ताह से तापमान में मामूली रूप से घट-बढ़ का सिलसिला जारी है। दिन का अधिकतम तापमान जां 26-27 डिग्री के आस-पास बना हुआ है वहीं रात का न्यूनतम तापमान पिछले एक सप्ताह से नौ डिग्री के इर्द-गिर्द बना हुआ है। मौसम विभाग की माने तो उत्तर भारत से आ रही ठंडी हवाओं से तापमान 10 डिग्री के आस-पास बना रहेगा। एक दिन पहले रविवार को दिन का अधिकतम तापमान 27.2 डिग्री से कुछ कम होकर 27.0 डिग्री रिकार्ड किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 8.4 डिग्री सेल्सियस से आंशिक रूप से बढ़कर 9.2 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं गत वर्ष की बात करें तो अधिकतम तापमान 28.8 डिग्री और न्यूनतम 12.3 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं 29 नंवबर को नए पश्चिम विक्षोभ के सक्रिय होने के संकेतों के बीच तापमान में आंशिक रूप बढ़ोत्तरी की संभावना जताई है। सप्ताह के पहले दिन सोमवार को शहर में मौसम साफ था। इस पूरे सप्ताह भी तेज धूप निकलेगी और साथ-साथ ठंड भी बढ़ेगी। ऐसा मौसम विभाग का पूर्वानुमान है। अधिकतम 24.8 डिग्री सेल्सियस तक आ पहुंचा है। यही कारण है कि ठंड भी एकदम से बढ़ गई है। सुबह ठिठुरन ने सूर्य निकलने के बाद ही घर से निकलने की हिम्मत जुटाई।





# छंदियाटोला में बाघ की आहट से दहशत

## कटनी से जुड़े टाइगर रिजर्व क्षेत्र से गांवों की ओर आ रहे बाघ

**कटनी, यशभारत।** कटनी का बरही वन परिक्षेत्र इन दिनों बाघ की मूवमेंट से दहशत में है। कुछ दिनों से लगातार कटनी उमरिया रोड या कटनी के खितौली बरही के ग्रामीण क्षेत्रों में न सिर्फ बाघ के पगमार्क मिले वरन पशुओं का शिकार भी हुआ। इन घटनाओं के बाद लोगों का डर है। मिली जानकारी के अनुसार अब क्षेत्र के ग्राम छिंदियाटोला में भी बाघ ने दस्तक दी है। ग्रामीणों ने बताया कि पाली बर्मन के खेत तक बाघ पहुंचा है। खेत में बाघ के पगमार्क मिले हैं। बाघ के पद चिन्ह को देखकर खेत में मौजूद किसान ने घर और गांव में शोर मचाया। वन विभाग को बाघ के होने की खबर दी है, जिसके बाद गश्ती टीम ने जाकर मौका मुआयना किया है। बाघ के मूवमेंट की स्थिति देखी जा रही है। हालांकि इस बारे में वन विभाग का कहना है कि बाघों का मूवमेंट बांधवगढ़ नेशनल टाइगर रिजर्व क्षेत्र से बरही क्षेत्र में बना हुआ है। कई बार बाघ शिकार की तलाश में आबादी तक पहुंच रहे हैं, हालांकि वे लोगों को नुकसान नहीं पहुंचा रहे हैं। बाघों का मूवमेंट जंगल की ओर है तो खतरे की बात नहीं है। ट्रैप कमरों से भी निगरानी हो रही है। ग्रामीणों को सतर्क रहने कहा जा रहा है।




## कटनी के मजदूर की रीवा के पास सड़क हादसे में मौत

**कटनी यशभारत।** जिले के एक मजदूर की रीवा में सड़क हादसे में मौत हो गई। मजदूर बडवारा का निवासी बताया गया है। मिली जानकार के अनुसार उक्त मजदूर रीवा के किराए के मकान में रह कर मजदूरी कर गुजर बसर करना था। समान थाना क्षेत्र के शारदापुरम की है। जहां कटनी से आए एक मजदूर गंभीर अवस्था में मिला था, जिसे स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया था लेकिन खुन ज्यादा बह जाने के कारण उसकी मौत हो गई। वहीं, पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है और मामले की जांच में जुट गई है और जहां वो कार्य करता था, जहां किराये से रहता था वहां के लोगों से पूछताछ की जा रही है।

# तीन दोस्त जयपुर में कटनी स्टोन से बनवा रहे खास ओपन रेस्टारेंट

## सिंगापुर छोड़ जयपुर आए 3 दोस्त, शुरू की रेस्टोरेंट चेन



**कटनी, यशभारत। कहावत है घर की मुर्गी... जी हां कटनी स्टोन को लेकर कटनी वासी या प्रदेश के लोगों का ज्यादा खबर नहीं है लेकिन कटनी स्टोन अब उस शहर में जलवा दिखाने जा रहा है जिसे मार्बल के लिए पूरी दुनिया में जाना जाता है। यहां एक ओपन रेस्टारेंट को बनाने के लिए कटनी स्टोन का उपयोग किया जा रहा है जिस एक पत्थर को कटनी से खरीदा जा रहा है उसकी कीमत करीब दस लाख रूपए आंकी गई है। आपको बता दें कि कटनी स्टोन की पहचान बीते कुछ वर्षो पहले हुई थी इसे लेकर कटनी में पूर्व कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने एक जिला एक उत्पाद के तहत एक प्रदर्शनी लगाई थी इस प्रदर्शनी के बाद ही कटनी स्टोन को लेकर देश भर के लोगों में जागरूकता आई। आपको बता दें कि कटनी में अभी भी बिलहरी ऐसा क्षेत्र है जहां पत्थर को सुंदर रूप देने वाले परिवार रहते हैं।**

मिली जानकार के अनुसार तीनों दोस्त मिलकर जयपुर में सबसे अनोखा ओपन एयर क्लब खोलने जा रहे हैं। इसका नाम है। द बुर्ज। इस क्लब में 6 हजार स्क्वायर फीट के अंदर 20 लाख की ट्रस, 90 तरह की अलग-अलग लाइट, 5 लाख की जर्मनी से मंगवाई गई लेजर लाइट लगाई गई है। इसके साथ ही बार पर कटनी स्टोन लगाया गया है। सिर्फ इस स्टोन की कीमत 10 लाख रुपए है। रिट्रीट फूड रेस्त्रां की टीम। जो आज भी काम कर रही हैं। इसके लिए खास विदेश से शेफ बुलाए गए। रिट्रीट फूड रेस्त्रां की टीम। जो आज भी काम कर रही हैं। इसके लिए खास विदेश से शेफ बुलाए गए। इस क्लब में करीब 700 तरीके के डिशेस सर्व की जाती हैं। इसमें एक से बढ़कर एक एग्जॉटिक फूड रेंज भी आपको मिलती है। अंधेरा होते ही इस पूरे क्लब का क बिल्कुल बदल जाता है। यहां एक टाइम में 1 से 2 हजार लोगों की सिटिंग है। हर दिन नए आर्टिस्ट परफॉर्म करते हैं। इसके लिए आर्टिस्ट 10 हजार से लेकर 1 लाख रुपए तक चार्ज करते हैं। इतना ही नहीं इस पूरे क्लब को मैनेज करने के लिए लाइट इंजीनियर की टीम, एलईडी वॉल इंजीनियर की टीम साउंड इंजीनियर की टीम लाइफ मैनेजर्स अलग से काम करते हैं।

# कवयित्री सुधा गुप्ता की कृति चलें भ्रमण की ओर को राष्ट्रीय पुरूस्कार

**कटनी, यशभारत।** मध्य प्रदेश साहित्य अकादमी भोपाल द्वारा 13 अखिल भारतीय एवं 15 प्रादेशिक कृति पुरस्कार कैलेंडर वर्ष 2019 की घोषणा कर दी गई है। अखिल भारतीय प्रति पुरस्कार एक लाख रुपये एवं प्रादेशिक प्रति पुरस्कार में 51 हजार रुपये के साथ शाल, श्रीफल, स्मृति चि- और प्रशस्ति पत्र से रचनाकारों को अलंकृत किया जाता है।कटनी से साहित्यकार सुधा गुप्ता की कृति को पुरूस्कार मिला है जो कटनी के लिए गौरव की बात है। यह पुरूस्कार काफी महत्वपूर्ण होते हैं। अखिल भारतीय पुरस्कार- पं. माखनलाल चतुर्वेदी (निबंध) डा. मनोज पांडेय, नागपुर की कृति आलोचना के नए परिप्रेक्ष्य, गजानन माधव मुक्तिबोध (कहानी) सधिादानंद जोशी, दिल्ली की कृति पलभर की पहचान, राजा वीरसिंह देव (उपन्यास) प्रो. मनीषा शर्मा, अमरकंटक की कृति ये इश्क..., आचार्य रामचंद्र शुक्ल (आलोचना) डा. कविता भट्ट, उत्तराखंड की कृति भारतीय साहित्य में जीवन मूल्य,



पं. भवानी प्रसाद मिश्र (गीत एवं हिंदी गजल) डा. आरपी सारस्वत, सहारनपुर की कृति तुम बिन, अटल बिहारी वाजपेयी (कविता) डा. इंदु राव, हरियाणा की कृति छांह संस्कृति की, कुवेरनाथ राय (ललित निबंध) राजेश जैन, दिल्ली की कृति ईश्वर की आत्मकथा, विष्णु प्रभाकर (आत्मकथा-जीवनी) डा. कुलदीप चंद अग्निहोत्री, मोहाली की कृति गुरु नानक देवजी, अखिल भारतीय निर्मल वर्मा (संस्मरण) प्रो. सूर्यप्रकाश चतुर्वेदी, इंदौर की कृति बदलती हवाएं, महादेवी वर्मा (रेखाचित्र) प्रशांत पोल, जबलपुर की कृति वे पंद्रह दिन, प्रो. विष्णुकांत शास्त्राी (यात्रा-वृत्तांत) डा. सुधा गुप्ता अमृता, कटनी की कृति चलें भ्रमण की ओर, भारतेंदु हरिश्चंद्र (अनुवाद) संतोष रंजन, भोपाल की कृति थेल्मा मेरी कोरिली एवं अखिल भारतीय नारद मुनि (इंटरनेट मीडिया) अजय जैन विकल्प, इंदौर को दिया गया है।

# अर्धवार्षिक परीक्षा को लेकर कटनी में भ्रम की स्थिति

**कटनी यशभारत।** मध्यप्रदेश की स्कूलों में होने वाली कक्षा 9वी से 12वी तक की अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं अपरिहार्य कारणों के चलते स्थगित कर दी गई है। इसे लेकर कटनी में अब तक कोई आदेश नहीं पहुंचने से छात्रों में भ्रम की स्थिति है। राजधानी से मिली खबरों के अनुसार छुट्टी के चलते आदेश नहीं पहुंचे होंगे जो जल्द ही पहुंच जाएंगे। दरअसल स्कूल शिक्षा के लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा 1 से 8 दिसंबर तक अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं आयोजित की जा रही थी। जिस पर फिलहाल विराम लग गया है। क्या है आदेश लोक शिक्षण संचालनालय आयुक्त अभय वर्मा द्वारा जो आदेश जारी किया गया है, उसके तहत शैक्षणिक सत्र 2022-23 के लिए कक्षा 9वी से 12वी तक की अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं अग्रिम आदेश तक अपरिहार्य कारणों के चलते स्थगित कर दी गई है। नए आदेश जारी होने के बाद ही तय हो पाएगा कि छात्रों की परीक्षा कब होगी। जो पत्र जारी किया गया है वह प्रदेश के सभी स्कूल शिक्षा के संयुक्त संचालक एवं स्कूल प्राचार्यो के लिये जारी करके यह जानकारी प्रेषित की गई है।

# अस्पताल के छज्जे पर लटकी मिली नवजात बच्ची की मौत के बाद आरोपी का नहीं मिला सुराग

**कटनी, यशभारत।** कुछ रोज पहले कटनी जिला अस्पताल भवन में उस वक्त हड़कंप की स्थिति बन गई, जब किसी ने बताया कि अस्पताल बिल्डिंग के मर्चुरी के बाहर सामने की तरफ वार्ड के चैनल गेट के छज्जे पर एक मां एक नवजात बच्ची को छोड़कर चली गई है। आनन फानन में नवजात को भर्ती करा इलाज शुरू किया गया. हालांकि उसकी स्थिति नाजुक थी जिसकी दूसरे दिन ही मौत हो गई लेकिन इस घटना को गुजरे करीब 15 दिन का समय हो चुका है अब तक न तो उस मां का पता लगा जिसने यह कृत्य किया न ही इसमें शामिल अन्य लोगों का। चर्चा तो यह भी है कि इस घटना से अस्पताल के ही कुछ कर्मचारी जुड़े हो सकते हैं



क्योंकि जिस स्थान पर यह शिशु लटका मिला था वहां बिना अस्पताल के सहयोग के पहुंचना मुश्किल है। यह नवजात शिशु (लड़की ) जिला चिकित्सालय की पुताई कार्य में लगे कर्मचारियों को बिल्डिंग के छज्जे के ऊपर चादर में लिपटी मिली थी। जिसकी जानकारी तत्काल अस्पताल जिला चिकित्सालय प्रबंधन को दी गई. अस्पताल में मौजूद शासकीय कर्मचारी बबीता चतुर्वेदी एवं सुशील यादव ने मौके पर पहुंचकर इस बच्ची कों बिल्डिंग की छज्जे से उतरवाकर तत्काल शिशु रोग चिकित्सा विभाग में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उसका उपचार शुरू किया गया. हालांकि नवजात बच्ची की हालत गंभीर बताई थी और वह नहीं बच पाई वहीं अस्पताल प्रबंधन और पुलिस प्रशासन ने जांच शुरू की लेकिन अब तक किसी का सुराग नहीं लगा।

# यूथ कटनी का वस्त्र वितरण एवं वन भोज कार्यक्रम

**कटनी,यशभारत।** विगत दिवस ग्राम केलवारा में यूथ कटनी के महिला सदस्यों ने अपने घरों से कपड़े देकर वंचितों की जरूरत के अनुसार वस्त्र वितरण का कार्यक्रम किया। जिसमें बड़ी सं या में ग्रामीण जनों ने भाग लिया। यह संस्था निरंतर समाज सेवा के कार्य कर रही है। संस्था के संयोजक श्रीमती अनु शशांक श्रीवास्तव ने बताया हम समाज सेवा के साथ भावी पीढ़ियों को संस्कार देने का काम भी कर रहे हैं और जहां भी आवश्यकता पड़ती है तो हम चिकित्सा सुविधा भी प्रदान करवाने का प्रयास करते हैं और यह प्रयास आगे भी निरंतर जारी रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए श्रीमती रेणु गट्टानी, श्रीमती जयश्री मित्तल, श्रीमती शशि अग्रवाल, डॉक्टर चित्र प्रभात, श्रीमती शांभवी श्रीवास्तव, सुश्री रजनी वर्मा, श्रीमती नीतू गुप्ता, श्रीमती अनुपमा सिंह, श्रीमती ममता पटेल, श्रीमती सीमा नाहर, श्रीमती सर्जना कंदेले, श्रीमती अनीता जेसवानी, श्रीमती रश्मि सोनी, श्रीमती आशा तेरानी, श्रीमती वंदना सोनी, श्रीमती प्रभा चौधरी, श्रीमती आरती अग्रवाल, श्रीमती प्रीति तवल, सहमति योगिता त्रिसुलिया, श्रीमती आरती शिवहरे, श्रीमती शिल्पी गुप्ता, श्रीमती सुमन, श्रीमती नीलम सक्सेरिया, श्रीमती रोशनी गुप्ता, श्रीमती प्रियंका गुप्ता, श्रीमती प्रभा साहू, श्रीमती आरती श्रीवास्तव, श्रीमती स्वाति सेक्सरिया, श्रीमती सीमा लहरिया, श्रीमती टीना शिवहरे, श्रीमती नंदिनी गुप्ता, श्रीमती प्रीति शिवहरे, श्रीमती रूबी बरसिया, श्रीमती वंदना गिलानी, श्रीमती कीटी गुप्ता, श्रीमती शिवाली गुप्ता, श्रीमती रंजना गुप्ता, श्रीमती सरिता प्यासी, श्रीमती शशि दुबे, श्रीमती सारिका त्रिसुलिया, श्रीमती प्रीति राय, श्रीमती सुषमा शिवहरे का सक्रिय सहयोग रहा।



सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 4 शो ता. 25 से
दोपहर 12.30, 4, 6.30 एवं रात्रि 10 बजे से




दृश्यम-2
कलाकार- अजय देवगन, श्रेया सरन, अक्षय खन्ना, तब्बू आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402


सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 4 शो ता. 25 से
दोपहर 1, 3.30, 7 एवं रात्रि 9.30 बजे से



भेड़िया
कलाकार- वरूण धवन, कृति सेनन, दीपक दोब्रियाल, अभिषेक बैनर्जी आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

नीरज सिनेप्लेक्स में



ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 25 से
12,3 एवं सायं 6 बजे से
भेड़िया
कलाकार-वरूण धवन, कृति सेनन, दीपक दोब्रियाल, अभिषेक बैनर्जी आदि।
टिकट दर बालकनी क्लास- 100/- बॉक्स- 120/- लोवर क्लास-50/- अपर क्लास-80/-

**In The Court Of I Civil judge Class-I, District Court, katni Presiding Officer: अग्नीन्ध्र कुमार द्विवेदी**

आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक
(MJC SUC/00000029/2022)

**संग्राम सिंह रघुवंशी.....आवेदक Vs आम जनता ............ अनावेदक**

Process Id-/2022 **पेशी दिनांक:- 18/01/2023**

P no- 339/22

**प्रेषिती - आम जनता पता- जिला कटनी (म.प्र.)**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक **संग्राम सिंह रघुवंशी पिता स्व. शत्रुघन सिंह रघुवंशी** पता ग्राम इमलिया देवरी, थाना व तहसील बड़वारा, जिला कटनी, म.प्र. ने मृतक स्व. शत्रुघन सिंह रघुवंशी निवासी ग्राम इमलिया देवरी, थाना व तहसील बड़वारा, जिला कटनी, म.प्र. अपने जीवन काल में एम.एस. इंडियन कंस्ट्रक्शन कंपनी जे.पी. नगर रीवा, जिला रीवा म.प्र. में संविदा श्रमिक के रूप में काम करते थे व वही से पी.एफ. एवं ई.डी.एल. आई. के अलावा अन्य मदों की कटौतिया होती थी। पी. एफ. राशि करीब 1,50,000/- रूपये एवं ई.डी.एल.आई. राशि करीब 3,50,000/- रूपये है उक्त जमा संपूर्ण राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक **18 जनवरी 2023** को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक ध् संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक **18 जनवरी 2023** को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख **17 नवंबर 2022** को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

न्यायालय की मुद्रा

**न्यायाधीश अग्नीन्ध्र कुमार द्विवेदी**
**प्रथम व्यहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड कटनी के न्यायालय के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश जिला कटनी (म.प्र.)**

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, सोमवार, 28 नवंबर 2022

आज की खबर अभी, आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

# हर इलाके की समस्याओं से रूबरू हो रहे कलेक्टर, लोगों से कर रहे संवाद

**कटनी,यशभारत।** शासन मंशानुसार जिले के नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त हो सके इस हेतु कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा तत्परता से प्रयास किये जा रहे है। विगत दिवस विद्युत, पेयजल, सड़क, चिकित्सा, एवं सुचारू आवागमन की समस्या की जानकारी कलेक्टर कार्यालय को प्राप्त होने पर समस्या को संज्ञान में लेते हुए त्वरित निराकरण के प्रयास किए गए



### ढीमरखेडा के ग्राम धरावारा में टंकी एवं सम्पवेल का कार्य तेज करने दिए निर्देश, पाइप लाइन मिलते ही शुरू होगा काम

कलेक्टर कार्यालय को ढीमरखेड़ा धरवारा व पहाड़ी के संबंध में जानकारी प्राप्त हुई कलेक्टर द्वारा समस्या को संज्ञान में लेते हुये लोक स्वास्थ्य यात्रिकं खण्ड कटनी को समस्या के समाधान हेतु निर्देशित किया जिसके संबंध में विभाग द्वारा विकास खण्ड. ढीमरखेड़ा के ग्राम धरावारा में टंकी एवं सम्पवेल का कार्य प्रगतिरत है। कार्य प्रारंभ कर दिया गया है पाईप लाईन हेतु संबंधित ठेकेदार द्वारा एजेंसी को आर्डर कर दिया गया है पाईप लाईन प्राप्त होते ही कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

### स्लीमनाबाद स्टेशन पहुँच मार्ग हुआ आवागमन योग्य

कलेक्टर कार्यालय को स्लीमनाबाद स्टेशन पहुँच मार्ग बदहाल की समस्या की जानकारी प्राप्त हुई जिसमें कलेक्टर कटनी द्वारा संज्ञान में लेते हुये लोक निर्माण विभाग संभाग कटनी को निर्देशित किया गया। उक्त समस्या के निराकरण के संबंध में स्लीमनाबाद बंधी, सरसवाही, सैलारपुर, पोनिया मार्ग लम्बाई 24 किलोमीटर मुख्य जिला मार्ग स्लीमनाबाद बिलायतकलॉ मार्ग से बंधी सरसवाही तक मार्ग प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजनान्तर्गत निर्मित मार्ग अत्यंत क्षतिग्रस्त हालत में इस विभाग को हस्तांतरित किया गया था। मार्ग में गड्ढे भरवा दिये गये है वर्तमान में मार्ग आवागमन योग्य है, संबंधित अनुविभागीय अधिकारी लोकनिर्माण विभाग (भ/स) संभाग क्र.1 द्वारा बताया गया कि वर्तमान में इस मार्ग पर आवागमन बाधित नहीं है एवं इसी मार्ग पर नवीनीकरण कार्य हेतु 7 किलोमीटर के निविदा आमंत्रण की कार्यवाही प्रगति पर है।

### जिला चिकित्सालय में मरीजों हेतु पलंग की व्यवस्था हुई दुरूस्त

कलेक्टर कार्यालय को वार्ड की शिफ्टिंग के दौरान निकले बेड के संबंध में मेडिकल और आयसोलेशन वार्ड में पलंग नही है जबकि मरीज फर्श में पड़े हुए है एवं अन्य पलंग गद्दे बिना उपयोग के रखे हुये है इस विषय में कलेक्टर द्वारा संज्ञान में लेते हुये जानकारी तथा आवश्यक निर्देश दिये गयें तथ्यात्मक वास्तविक स्थिति यह है कि जिला चिकित्सालय कटनी में कुल 250 पलंग है। मेडिकल वार्ड 57 व आयसोलेशन वार्ड में 36 पलंग लगे हुये है। समस्त क्षेत्र में पूर्ण क्षमता अनुसार पलंग लगाये गये है जबकि कॉरिडोर में कोई पलंग नही है। पलंग लगाने अन्य स्थान उस भवन में उपलब्ध नही है, सर्जिकल वार्ड में 56 पलंग लगे हुए है, जिला चिकित्सालय में 35 से अधिक पलंग सुधारने का कार्य मेटरनिटी ए.एन.सी वार्ड व शिशु वार्ड दोनों नवीन भवन में लगाये गये है। जिला चिकित्सालय में एम.सी.एच. भवन हेतु 150 पलंग व गद्दे प्राप्त हुए है जिन्हें व्यवस्थित कर नवीन भवन में लगाया जा रहा है जिसकी प्रक्रिया जारी है। पलंग गद्दों को भवन में व्यवस्थित किये जाने कि प्रक्रिया जारी है। जिला चिकित्सालय कटनी में 200 की क्षमता के विरुद्ध विगत 3 माह से अधिक बेड आक्युसेंसी रही है। नये भवन की पूर्ति उपरांत शेष पलंग अन्य स्थानों पर स्थान की उपलब्धता अनुसार लगाये जावेंगे। वर्तमान में मेडिकल और आयसोलेशन वार्ड में जमीन पर कोई रोगी नही है। वर्तमान में 20 पलंग एल.टी.टी कैंप हेतु सी.एम.एच.ओ कार्यालय द्वारा प्रदान किये गये है। इस प्रकार मामले की स्थिति उपरोक्तानुसार है।

### करें प्रयास स्कूल कॉलेज के पास की गुमटियों को हटाकर सुगम यातायात हेतु

कलेक्टर कार्यालय को स्कूल,कॉलेज के पास जमी है गुमटियां समस्या के संबंध में जानकारी प्राप्त हुई कलेक्टर कटनी द्वारा समस्या को तुरंत संज्ञान में लेते हुये आवश्यक निर्देश दिये गये। जिस पर कार्यालय नगर निगम कटनी द्वारा कटनी शहर के मुख्य मार्गो में अतिक्रमण हटाये जाने के कार्यवाही अतिक्रमण दस्ता द्वारा की गई है एवं अतिक्रमकर्ता को हिदायत दी गई है कि वे ऐसे स्थल पर अतिक्रमण न करे और न ही दुकाने संचालित करें अन्यथा की स्थिति में स्पॉट फाइन एवं जब्ती की नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी अन्य प्रमुख स्थलों पर भी विभाग द्वारा समय समय पर चक्रानुसार कार्यवाही की जाती है एवं यातायात को सुगम बनाया जाता है। कलेक्टर कटनी द्वारा कार्यालय में प्राप्त होने वाली प्रत्येक समस्या को तत्परता से निराकरण कराया जा रहा है।



# स्वास्थ्य परामर्श शिविर में 150 मरीजों का परीक्षण

### दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप रायल द्वारा शिविर का आयोजन

**कटनी, यशभारत।** दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप रायल के तत्वाधान में जैन बोर्डिंग हाउस परिसर में आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज की प्रेरणा से जबलपुर तिलवारा में स्थापित पूर्णायु आयुर्वेद चिकित्सालय एवं आयुर्वेद अनुसंधान विद्यापीठ के सहयोग से नि:शुल्क परामर्श एवं निदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जबलपुर से आए चिकित्सकों डॉ. अमित मुखर्जी एवं डॉ अनमोल डोंगरे द्वारा जोड़े के दर्द से पीड़ित, मधुमेह, पक्षाघात, हाई ब्लड प्रेशर, अनिद्रा से संबंधित 150 मरीजों को परामर्श देकर उपचार किया गया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में मंचासीन अतिथि सि. संतोष कुमार मालगुजार, हुकुमचंद जैन, सुभाष जैन, समाजसेवी संजय जैन, डॉ. संदीप जैन, संजय सिंघई, विजय कुमार विश्व, अशोक विश्वकर्मा, स.सिं. अनुज जैन, मगन कुमार जैन का तिलक लगाकर दुपट्टा ओढ़ाकर रॉयल ग्रुप के सदस्यों द्वारा सम्मान किया गया। रूचिता जैन, आकांक्षा जैन, स्वाति जैन एवं दीप्ति जैन ने मंगलाचरण किया। आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के चित्र का अनावरण एवं दीप प्रज्वलन साथ ही कार्यक्रम का शुभारंभ पुण्यार्जक परिवार सि. संतोष कुमार मालगुजार, हुकुमचंद्र जैन परिवार का विशेष सम्मान संस्था के पदाधिकारियो एवं सदस्यों आशीष जैन, पुष्कर सिंघई, मयंक जैन, सचिन सिंघई, अमित सिंघई, शशांक जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन अमित सिंघई एवं आभार प्रदर्शन अंकित जैन द्वारा किया गया।



### छात्रों को स्वेटर, जूते, मोजे व शैक्षणिक सामग्री का वितरण



# स्कूली बच्चों के चेहरों पर आई मुस्कान

**तेवरी, यशभारत।** ग्राम तेवरी की समाजसेवी संस्था युवा जन सेवा समिति द्वारा प्रतिवर्षानुसार विभिन्न विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को नि:शुल्क स्वेटर, जूते, मोजे व अन्य शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया जाता रहा है। विदित हो कि समिति द्वारा समय समय पर रक्तदान शिविर, वृक्षारोपण, स्वच्छता रैली, आर्थिक सहायता, कम्बल वितरण कार्यक्रम, नेकी की दीवार आदि कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इसी तारतम्य में समिति द्वारा संकुल केन्द्र शासकीय बुद्ध सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेवरी के अन्तर्गत शासकीय प्राथमिक शाला लखनवारा में अध्ययनरत 94 विद्यार्थियों को स्वेटर, जूते व मोजे का वितरण किया गया। कार्यक्रम में बहोरीबंद अनुविभागीय अधिकारी राजस्व संघमित्रा गौतम, जिला शिक्षा अधिकारी पृथ्वी पाल सिंह व अन्य समिति कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# सामाजिक एवं सांस्कृतिक शिक्षा के साथ ही पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा





### शासकीय उच्चतर माध्यमिक कैलवाराकलां में सेवा सम्मान समारोह का आयोजन

कटनी, यशभारत। शासकीय उच्चतर माध्यमिक कैलवाराकलां में पूर्व प्राचार्य श्री अग्रहरी के सहायक संचालक का पदभार ग्रहण करने एवं श्री राजपूत के एपीसी बनने के साथ ही नवागत प्रधानाध्यापक श्रीमती ज्योति बर्मन तथा शिक्षक अंजो पटेल के विद्यालय आगमन पर मुख्य अतिथि श्री अग्रहरी व विशिष्ट अतिथि आलोक पाठक की उपस्थिति में विद्यालय से स्थानांतरित श्रीमती अन्नपूर्णा भारती, जीवनलाल विश्वकर्मा एवं आयूषी पाठक का छात्र-छात्राओं तथा शिक्षकों द्वारा स्वागत कर पर्यावरणीय शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये अन्य उपहारों के साथ हरे-भरे पेड़ सप्रेम भेंट किये गये। सेवा सम्मान समारोह में विद्यालय से के पी मिश्रा, विनोद गौतम, मधु पटेल, विनोद पंजवानी, प्रतिभा शुक्ला एवं तबस्सुम मैडम द्वारा अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। मनमोहन वैरागी, अंगद साहू, उमाशंकर व राजेश द्विवेदी द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। साज-सज्जा कर विद्यालय व मंच को दुल्हन सा सजाया गया। विशेष प्रयासों में मुन्नी पटेल व अनुराधा बड़ेरिया तथा मेहरूननिशा अंसारी मैडम ने बच्चों को गर्म कपड़े भेंट किये।

अतिथियों ने अपने अनुभवों को बारी-बारी से रखा। अंत में श्री अग्रहरी ने शिक्षा को मजबूत बनाने की प्रेरणा प्रदान की। विद्यालय परिवार की टीम भावना व कार्यप्रणाली से खुश होकर आलोक पाठक ने उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में नैतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक शिक्षा के साथ ही पर्यावरणीय शिक्षा को बढ़ावा देने का प्रयास किया। संचालन तबस्सुम कुरैशी मैडम एवं आभार विनोद गौतम द्वारा व्यक्त किया गया।

### 42 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया महापौर ने

कटनी, यशभारत। महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी जनहित के कार्यों में निरंतर सक्रिय है। विगत लंबे समय से दुबे कालोनी में सडक खराब होने से लोगों को भारी परेशानी का करना पड रहा था। लोगों की सुविधा के लिये महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी ने दुबे कॉलोनी मुख्य मार्ग में सडक निर्माण का विधिवत भूमि पूजन दुबे कॉलोनी निवासी श्रीमती मनोरमा पाठक एवं बद्रीनाथ बिचपुरिया से करवाया। महापौर ने कुदाल चलाकर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। यह डामरीकरण सडक 42 लाख 46 हजार की लागत से निर्मित होगी। महापौर श्रीमति सूरी ने कहा नगर की जनता जनार्दन ने उन्हें विश्वास के साथ जिम्मेदारी सौंपी है, जनता की मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता दी जायेगी। इस मौके पर पार्षद संतोष शुक्ला, शिब्बू साहू, रमेश सोनी, अवकाश जायसवाल, सीमा श्रीवास्तव, बीना बैनर्जी, अनिरुद्ध सोनी, ओमकार दुबे, नारायण कुशवाहा, योगेश सोनी, नारायण आनंद तिवारी, सुदामा प्रसाद तिवारी, विजय बडगैया, चंदू चक्रवर्ती, बच्चू निषाद उपस्थित रहे।

# स्व-सहायता समूहों को नहीं मिल रहा मानदेय, भोजन वितरण पर लगा ब्रेक

### शासकीय शिक्षक संगठन ने संभागायुक्त को भेजा पत्र

**कटनी, यशभारत।** शासकीय शिक्षक संगठन मप्र ने कमिश्नर जबलपुर, कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ को पत्र लिखकर छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों की परेशानियों के निराकरण हेतु आग्रह किया है। संगठन के प्रांताध्यक्ष राकेश दुबे द्वारा लिखे गए पत्र में इन वरिष्ठ अधिकारियों से अनुरोध किया गया है कि जिले के अनेक विद्यालयों में स्व सहायता समूहों ने लंबे समय से मानदेय, प्रतिपूर्ति राशि न मिलने के कारण भोजन निर्माण एवं वितरण बंद कर दिया है, जिसकी जानकारी जिला पंचायत को समूह एवं विभाग द्वारा लगातार दी जा रही है, परंतु जहां एक ओर उक्त वित्तीय समस्या का निराकरण नहीं हो रहा एवं मासूम बच्चे मध्यान्ह भोजन से वंचित हैं वहीं दूसरी ओर भोजन न बनने पर शिक्षकों को नोटिस जारी हो रहे हैं जबकि उसमें शिक्षकों का कोई दोष नहीं है। शासकीय शिक्षक संगठन के अनुसार जिले के सैकड़ों शिक्षकों की सेवा पुस्तिकाएं सत्यापन की प्रत्याशा में वर्षो से जिला पंचायत में रखी हैं पर उनका सत्यापन नही हो पा रहा है। जिससे सम्बंधित शिक्षकों को आर्थिक क्षति हो रही है। संगठन के अनुसार जिले के अंदर अनेक विद्यालयों में छात्र संख्या बहुत अधिक होने और शिक्षक न होने के बावजूद पोर्टल पर उक्त विद्यालयों में रिक्त पद दर्शित नही हो रहे हैं, जिससे उन विद्यालयों में न तो स्थानांतरण से शिक्षक आ सके न ही नवीन भर्ती हो पा रही है और न ही अतिथि शिक्षक नियुक्त हो पा रहे हैं। संगठन ने कटनी जनपद शिक्षा केंद्र में पदस्थ विकास खण्ड अकादमिक समन्वयक शिवनाथ रजक का उदाहरण देते हुए बताया कि इनका और इनके जैसे अनेक प्रकरण हैं, जिनमें कोरोनाकाल के चिकित्सा देयक का भुगतान आज दिनाँक तक नहीं हुआ है। जिले में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत जनशिक्षक और विकासखण्ड अकादमिक समन्वयक संवर्ग के सैकड़ों कर्मचारियों की नवीन पेंशन योजना कटौती की लगभग एक वर्ष से अधिक समय की राशि शासन तक नही पहुंची है। जिलाध्यक्ष रजनीश तिवारी, देवेंद्र तिवारी, मनीष सिंह गौतमए शालिनी तिवारी, दीपा सिंह, माधुरी तिवारी, शैलेंद्र खम्परिया, अरुण सिंह परिहार, अनिल परौहा, राकेश परौहा, बालमुकुंद त्रिपाठी, शिवकुमार पांडे, अरुण पटेल ने भी उक्त बिंदुओं के निराकरण हेतु जिला प्रशासन से अनुरोध किया है।



# आम आदमी पार्टी ने मनाया दसवां स्थापना दिवस

कटनी, यशभरत। विगत 26 नवंबर को संविधान दिवस व आम आदमी पार्टी के 10वें स्थापना दिवस पर आप कार्यकर्ताओं ने सुभाष चौक में एकत्रित होकर केक काटकर लोगों में मिठाईयां बांटी एवं आतिशबाजी करते हुए उत्सव मनाया गया। आप जिलाध्यक्ष सुनील मिश्रा ने बताया कि आज ही के दिन 26 नवंबर 2012 को देश में व्याप्त भ्रष्टाचार पॉलिटिक्स की हिटलर शाही को समाप्त करने आम आदमी पार्टी का गठन हुआ था। 10 वर्षों से निरंतर पार्टी अपनी मूल विचारधारा के साथ बढ़ रही है। दिल्ली में निरंतर जनता का आशीर्वाद मिल रहा है। पंजाब ने भी आप पार्टी पर विश्वास दिखाते हुए वहां के जन मानस ने अपना भरपूर आशीर्वाद दिया। गुजरात विधानसभा चुनाव में भी वहां की जनता अपना अपार समर्थन प्यार देने जा रही है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सुनील मिश्रा, यूथ विग शहर अध्यक्ष श्याम यादव, विधानसभा कटनी यूथ विंग अध्यक्ष कुलदीप सिंह, व्यापारी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष संतोष कटियार, सोसल मीडिया प्रभारी निर्मल गौतम, सुदामा प्रसाद, अफरोज अहमद, विवेक पांडे, पवन दुबे, ऋषभ पटेल, अभिषेक बजाज, जितेंद्र अहिरवार,, राजा सेन, मंगल कोल, विजय पयासी उपस्थित रहे।

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

सस्ती सुंदर 125/- में सिंगल बेड
पता- होटल गणपति प्लाजा
लक्ष्मीनारायण मंदिर के पास वाली गली
कमानियागेट कटनी, मो. नं. 7389565610
(एसी रूम उपलब्ध है)

# बस स्टैंड ऑडिटोरियम में होगा परिचय सम्मेलन

### संतनगर में मांझी समाज की बैठक, कई जिलों से आएंगे स्वजातीय बंधु



कटनी, यशभारत। मांझी समाज द्वारा 15 जनवरी को युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन बस स्टैंड स्थित ऑडिटोरियम में किया जाएगा। रविवार को संतनगर में आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया गया है। बैठक का आयोजन संरक्षक राजकुमार सोंधिया के निवास पर किया गया था। जिलाध्यक्ष महेश सोंधिया ने पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत कराते हुए प्रत्येक पदाधिकारी एवं सदस्य से इस आयोजन को सफल बनाने का आव्हान किया। संरक्षक योगेश सोंधिया ने बताया कि बाहर से आने वाले स्वजातीय बंधुओं के लिए ऑडिटोरियम में आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएंगी। कार्यक्रम अध्यक्ष रविकांत रैकवार ने बताया कि इस आयोजन में आसपास के कई जिलों से हजारों की तादात में स्वजातीय बंधु आएंगे। कार्यक्रम की जानकारी सभी को भेजी जा रही है। सचिव सचिन कश्यप ने बताया कि सम्मेलन में अधिक से अधिक युवक युवतियों के परिचय एवं विवाह के लिए जोड़े तैयार करने का प्रयास किया जाएगा। बैठक का संचालन नगर अध्यक्ष आशीष रैकवार एवं आभार प्रदर्शन जिला सहसचिव प्रकाश रैकवार ने किया। आदर्श कालोनी निवासी वरिष्ठ समाजसेवी किशन निषाद को संरक्षक एवं राहुल निषाद को नगर टीम में महामंत्री का दायित्व सौंपा गया है। बैठक में जिलाध्यक्ष महेश सोंधिया, संरक्षक योगेश सोंधिया, कार्यक्रम अध्यक्ष रविकांत रैकवार, सचिव सचिन कश्यप, राजकुमार सोंधिया, कोषाध्यक्ष दिनेश बर्मन, राजेश निषाद, विजय सोंधिया, किशन निषाद, नरेश सोंधिया, रमेश रैकवार, आशीष रैकवार,, प्रकाश रैकवार, नितिन रैकवार, अशोक वर्मा, भीम बर्मन, राकेश सोंधिया, प्रकाश चन्द्र रैकवार, रवि बर्मन, विनय सोंधिया, पंकज बर्मन, संतोष बर्मन सुनील रैकवार की उपस्थिति रही।

Tuesday Offer
@99/- Available On
All Seats Except Recliners
CINEWORLDZ
CINEMA KATNI
Mittal MALL
Paytm
bookmyshow

From 25th November 2022




TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor, Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830





## संपादकीय

# सीआईआई की चिंताएं

सीआईआई चाहती है कि आय कर में छूट देकर और ग्रामीण इलाकों में सरकारी योजनाओं के जरिए लोगों की क्रय शक्ति बढ़ाई जाए। अनेक अर्थशास्त्री यह सुझाव पहले से दे रहे हैं। लेकिन सरकार ने उन 'हार्वर्ड' शिक्षित अर्थशास्त्रियों की बात नहीं सुनी। कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्रीज (सीआईआई) ने अगले साल के बजट के लिए सरकार को जो कदम उठाने के सुझाव दिए हैं, सामान्य दिनों में इस संगठन से जुड़े उद्योगपति उन्हें 'समाजवाद' कहते। लेकिन मोनोपॉली के स्तर पर पहुंची मुक्त बाजार अर्थव्यवस्था की नीतियों ने इन उद्योगपतियों का बाजार इस तरह सिकोड़ दिया है कि उन्हें अब अर्थशास्त्री जॉन मेनार्ड कीन्स के फॉर्मूले में ही रास्ता नजर आ रहा है। ये बात ध्यान में रखने की है कि सीआईआई परंपरागत उद्योगपतियों की संस्था है- यानी उद्योगपतियों की जिनका कारोबार कारखाना उत्पादन और उनकी बिक्री पर निर्भर करता है। अब ये संस्था क्या सुझाव दे रही है, इस पर गौर कीजिए। इसने कॉरपोरेट टैक्स में कटौती की मांग नहीं की है। बल्कि कहा है कि इसे मौजूदा स्तर पर ही बनाए रखा जाए। इसके बदले उसने निजी आय कर में छूट देने और जीएसटी की 28 प्रतिशत दर के तहत आने वाली वस्तुओं पर यह कर घटाने का सुझाव दिया है। साथ ही ग्रामीण इलाकों में रोजगार पैदा करने वाली योजनाएं लागू करने की मांग उसने सरकार से की है। साफ कहा है कि इस समय उपभोग और मांग बढ़ाने वाली नीतियों की जरूरत है। सरकार इन सुझावों को सुनेगी या नहीं, यह हमें नहीं मालूम। लेकिन सीआईआई ने जो कहा है, उससे देश की असल अर्थव्यवस्था का हाल जरूर जाहिर हुआ है। यही हाल तेल साबुन जैसी रोजमर्रा की जरूरत की चीजें बनाने वाली (एफएमसीजी) कंपनियों की हालिया तमाम रिपोर्टों से भी सामने आया है। सरकार की आम जेब से निकाल कर कॉरपोरेट सेक्टर को पैसा ट्रांसफर करने वाली नीतियों ने जमीन पर बाजार को सिकोड़ दिया है। कोरोना महामारी और उसके बाद तेजी से बढ़ी महंगाई ने मध्य वर्ग के पास भी अतिरिक्त उपभोग की गुंजाइश नहीं छोड़ी है। तो सीआईआई चाहती है कि आय कर छूट देकर उसकी जेब अधिक पैसा छोड़ा जाए और ग्रामीण इलाकों में सरकारी योजनाओं से लोगों की क्रय शक्ति बढ़ाई जाए। अनेक अर्थशास्त्री यह सुझाव पहले से दे रहे हैं। लेकिन 'हार्ड वर्क' वाली सरकार ने उन 'हार्वर्ड' शिक्षित अर्थशास्त्रियों की बात नहीं सुनीं। तो पानी अब सिर से ऊपर से गुजरने लगा है।

# फिर बढ़ने लगी चांद की चाहत

## नई संभावनाओं की तलाश

चंद्रमा पर पहली बार इंसान के कदम पड़ने के पांच दशक बाद भारत-चीन के अलावा खुद नासा ने एक बार फिर चांद पर अपना मिशन भेजने की योजना का शुभारंभ कर दिया है। इस अंतरिक्ष एजेंसी ने चांद की ओर भेजे जाने वाले अब तक के अपने सबसे ताकतवर रॉकेट- स्पेस लॉन्च सिस्टम का हाल ही में सफल प्रक्षेपण कर दिया जो नासा के सबसे प्रतिष्ठित मिशन- आर्टेमिस का हिस्सा है जिसका लक्ष्य इंसान को दोबारा चंद्रमा की सतह पर उतारना है। योजना है 2024 में इस मिशन के तहत चंद्रमा पर पहली महिला और एक पुरुष अंतरिक्ष यात्री को उतारा जाएगा।

उल्लेखनीय है कि 1972 के बाद एक बार फिर नासा चंद्रमा पर इंसान को भेजने की तैयारी में है, नासा का तर्क है कि इन कोशिशों का उद्देश्य चांद पर वैज्ञानिक खोज करना, आर्थिक लाभ के रास्ते तलाशना और अंतरिक्ष अन्वेषण के संबंध में नई पीढ़ी के खोजकर्ताओं को प्रेरणा देना है। स्पेस एजेंसियों की बदौलत आज दुनिया के पास अंतरिक्ष में यान को ले जाने और वापस लाने वाले ताकतवर रॉकेट तो विकसित हो गए हैं परंतु धरती की चारदीवारी पार कर किसी अन्य ग्रह-उपग्रह तक अपना यान सटीकता से पहुंचा देना और फिर उसकी सकुशल वापसी के इंतजाम करना कतई आसान नहीं है। लेकिन इस दिशा में भारत और चीन के कई अभियानों ने वैज्ञानिक बिरादरी में नया जोश भर दिया है। अमेरिका के अलावा ये दोनों देश अंतरिक्ष में अपने सबसे करीबी पड़ोसी और धरती से महज तीन लाख चौरासी हजार किलोमीटर दूर स्थित चांद को नई नजर से देखने लगे हैं। यह सही है कि दूसरे विश्वयुद्ध के बाद खुद को महाशक्ति साबित करने की होड़ में अमेरिका और रूस (तत्कालीन सोवियत संघ) के बीच शीतयुद्ध काल में अंतरिक्ष अनुसंधान की जो होड़ कायम हुई



थी, वह 1969 से 1972 के बीच नासा के नौ अपोलो मिशनों के साथ काफी हद तक शांत हो गई थी। इस अवधि में नासा ने छह बार इंसान को चंद्रमा पर उतारा। इसके बाद दुनिया में मान लिया गया कि चंद्रमा की इतनी ज्यादा खोजबीन हो गई है कि अब वहां इंसानों को दोबारा जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

दरअसल, इस बेरुखी के कुछ कारण और भी थे। जैसे अमेरिका ने इन अभियानों के बूते दुनिया की इकलौती महाशक्ति होने का तमगा हासिल कर लिया था और अब उसे रूस से ज्यादा ताकतवर दिखाने को अंतरिक्ष मिशन चलाने की जरूरत महसूस नहीं हो रही थी। वहीं अब बेहद खर्चीला अभियान जारी रखने का तुक भी समझ नहीं आ रहा था। वैज्ञानिकों को चंद्रमा पर पानी की मौजूदगी या फिर लंबी अंतरिक्ष यात्राओं का पड़ाव बनाने की जरूरत भी नहीं दिख रही थी।

चंद्रमा को लेकर पैदा हो रही नई होड़ का एक श्रेय भारत को दिया जा सकता है। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो ने 22 अक्तूबर 2008 को जब अपना चंद्रयान-1 रवाना किया था, तो सिवाय इसके उस मिशन से कोई उम्मीद नहीं थी कि यह मिशन अंतरिक्ष में भारत के बढ़ते कदमों का सबूत देगा। लेकिन अपने अन्वेषण के आधार पर सितंबर 2009 में जब चंद्रयान-1 ने चंद्रमा पर पानी होने के सबूत दिए तो दुनिया में हलचल मच गई। चंद्रयान-1 से चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचाए गए उपकरण मून इंपैक्ट प्रोब ने चांद की सतह पर पानी को चट्टानों और धूलकणों में भाप के रूप में पाया था। इसी तरह एक उपकरण सितंबर, 2019 में चंद्रयान-2 के रोवर 'प्रज्ञान' के साथ भी चांद पर भेजा गया जिसका मकसद दक्षिणी ध्रुव पर उतर वहां पानी और खनिज खोजना था, हालांकि चंद्रयान-2 मिशन नाकाम हो गया। लेकिन इससे भारत के हौसले पस्त नहीं हुए। भारत ने घोषणा कर रखी है कि वह भी अपने मिशन गगनयान से मानवों को चंद्रमा पर भेजेगा। कोविड महामारी के दौर में गगनयान मिशन में कुछ देरी हो सकती है। यही नहीं, कई अन्य देश भी अब इस होड़ में शामिल हो चुके हैं। जैसे वर्ष, 2019 में इस्राइल ने भी अपना एक छोटा रोबोटिक लैंडर चंद्रमा की ओर भेजा था, जो कामयाब नहीं हो सका। इस मामले में अपेक्षित सफलता पड़ोसी चीन को मिली है, जिसके अंतरिक्ष यान ई-4 ने जनवरी 2019 में एक छोटे रोबोटिक रोवर के साथ चांद पर सफलतापूर्वक उतर इतिहास रच दिया था।

कई चरणों वाले अर्टेमिस अभियान के दूसरे और तीसरे चरण में अंतरिक्ष यात्री चंद्रमा की सतह पर उतरेंगे। अपोलो-11 से यह अभियान यूं अलग होगा कि इस बार अंतरिक्षयात्री चंद्रमा की भूमध्य रेखा के बजाय इसके दक्षिणी-ध्रुव पर उतरेंगे, जो अभी इंसान के कदमों की छाप से अनछुआ है। इसके अलावा सुदूर अंतरिक्ष की यात्राओं के पड़ाव और इंसानी बस्तियां बसाने के लिहाज से भी अब चंद्रमा को सर्वाधिक संभावना वाले अंतरिक्षीय पिंड के रूप में देखा जाने लगा है।

**-अभिषेक कुमार सिंह**

# लंबे इंतजार के बाद खूब चमका सूरज

देश की क्रिकेट टीम के चयनकर्ताओं से सवाल पूछा जाना चाहिए। सवाल यह कि जो सूर्य कुमार यादव कुछ ही समय में अपने आतिशी खेल के बूते विश्व रैंकिंग में नंबर एक पर खड़ा है, उसे टीम में जगह पाने के लिये ग्यारह साल क्यों इंतजार करना पड़ा? बुधवार को जारी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद यानी आईसीसी की पुरुष टी-20 बल्लेबाजी की रैंकिंग में सूर्य कुमार यादव ने अपना नंबर एक स्थान बरकरार रखा है। आज क्रिकेट के एक्सपर्ट से लेकर प्रशंसक तक सूर्य के खेल पर कसीदे पढ़ रहे हैं। क्रिकेट के दिग्गज कैमेंटेटर हर्षा भोगले जब कहते हैं कि 'मुझे सांस लेने की मशीन चाहिए, सूर्य कुमार यादव हमारी सांस रोक रहा है', तो सूर्य के खेल के स्तर का अहसास होता है। टी-20 के सबसे बेहतरीन बल्लेबाज सूर्य ने पूरी दुनिया में अपनी चमक बिखेर दी है,जिससे क्रिकेट के दिग्गजों की आंखें चौंधा रही हैं। हाल में न्यूजीलैंड में संपन्न टी-20 सीरीज में सूर्य के बल्ले ने जो आग उगली, उसकी तपिश को कीवी बर्दाश्त नहीं कर पाये। उसके खेल की कल्पना कीजिये उसने टी-20 मैच में आतिशी शतकीय पारी भी खेली।

यह तथ्य क्रिकेट चयनकर्ताओं पर सवालिया निशान लगाता है कि 15 दिसंबर 2010 से प्रथम श्रेणी के क्रिकेट की शुरुआत करने वाले सूर्य को 2021 में देश के लिये खेलने का अवसर मिला। आखिर क्यों सूर्य कुमार को 11 साल का इंतजार करना पड़ा? वह घरेलु क्रिकेट में लगातार उम्दा खेल रहा था। अहसास तो सूर्य को भी था कि सब कुछ ठीक नहीं है। विडंबना देखिये कि उन्हें भारतीय टीम में खेलने का मौका तब मिला जिस उम्र में क्रिकेट के खिलाड़ी संन्यास लेने की सोच रहे होते हैं। उनके साथ के खिलाड़ी एक-एक करके टीम शामिल होते गये, लेकिन वे निराश नहीं हुए। अपने खेल में लगातार सुधार करते गये। उन्होंने अपना नया व प्रेरक आदर्श गढ़ लिया आस्ट्रेलिया के खिलाड़ी माइकल हसी को, जिन्हें तीस साल की उम्र में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में मौका मिला था। हसी को भी पता था कि उनके खेल के लिये समय कम है। उन्होंने क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में जमकर क्रिकेट खेली। वे बेहतरीन फिनिशरों में शुमार हुए। उन्होंने अपनी चमत्कृत करने वाली पारियों से दुनिया को चौंकाया था। बहरहाल, आज सूर्य की आतिशी बल्लेबाजी से पूरी दुनिया की आंखें चौंधियायी हुई हैं। उनके अद्भुत खेल के चलते उन्हें 360 डिग्री का बल्लेबाज कहा जाने लगा है। ऐसा इसलिये कहा जा रहा है क्योंकि वे अपने हुनर से मैदान के किसी भी कोने में गेंद पहुंचा सकते हैं। उन्होंने अपने खेल कौशल, फिटनेस, मुश्किल हालात में बेहतर




खेलने तथा तेज खेल से टीम में खास जगह बनायी है। वैसे, भारतीय टीम में सूर्य को लाने का श्रेय रोहित शर्मा को देना होगा, जो उन्हें पहले आईपीएल में मुंबई इंडियंस की टीम में लाये। फिर चयनकर्ताओं को उन्हें भारतीय टीम में शामिल करने के लिये राजी किया। हालांकि, सच यह भी है कि आईपीएल में खूब रन बनाने के बावजूद चयनकर्ताओं ने उन पर पहले ध्यान नहीं दिया। मगर बाद में रोहित शर्मा के प्रयासों से उनकी किस्मत जागी।

सूर्य कुमार मुंबई के रहने वाले हैं। वे धारा प्रवाह मराठी बोल सकते हैं। उनके पिता भाभा अनुसंधान केंद्र में नौकरी करते हैं। वे अपने माता-पिता से इतना प्यार करते हैं कि शरीर पर उनकी तस्वीर का टैटू बनवाया है। वहीं पत्नी के नाम का भी टैटू है। वर्ष 2017 में देवीशा को उन्होंने जीवन संगिनी बनाया। उन्हें वे लकी मानते हैं। वास्तव में तमाम प्रतिभा के बावजूद भारतीय टीम में शामिल न हो पाने पर कारगर योजना तैयार करने में देवीशा ने सूर्य की मदद की थी। देवीशा के साथ मिलकर उन्होंने अपनी जीवन शैली, खानपान और खेल में सुधार किया। उन्हें महंगी गाड़ियों का शौक है तो पालतू कुत्तों से भी बेइंतहा प्यार है। चेंबूर के निकट अणुशक्ति नगर में रहने वाले सूर्य के परिवार में माता-पिता, पत्नी व बेटी हैं।

सूर्य कुमार यादव की सबसे बड़ी खासियत यह है कि वे बेखौफ खेलते हैं। यह भी कि वे मुश्किल परिस्थितियों में भी बेधड़क खेलते हैं। उनकी निडरता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि अपने डेब्यू मैच में जोफरा आर्चर जैसे खतरनाक गेंदबाज की पहली बॉल पर ऐसा छक्का लगाया कि क्रिकेट के दिग्गज भी चौंक गये थे। उनके शॉट्स की सुनामी में दुनिया के दिग्गज गेंदबाज भी डूबते नजर आते हैं। आज दुनिया में उनके जैसा उम्दा मध्यक्रम का बल्लेबाज दूसरा नजर नहीं आता। उनके खेल की टाइमिंग इतनी दुरस्त होती है कि गेंद बल्ले पर आने पर वे उसे मनचाही जगह भेज सकते हैं। जैसे कि पहले से लिखी इबारत की तरह उनका खेल तय हो। तभी वे पारी को संभालकर बड़ा स्कोर करने में सफल हो पाते हैं। वे टीम में देर से शामिल होने के बावजूद खूब तेज खेल रहे हैं। जैसे कह रहे हों मेरे पास समय कम है और बहुत आगे जाना है।

**अरुण नैथानी**

# आपका राशिफल 29 नवम्बर

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ)
आपके पूंजीगत निवेशों से भी लाभ होगा। पारिवारिक उत्तरदायित्व अधिक रहेगें। पदोन्नति मिलने का योग हैं। आमदनी में वृद्धि होगी। यात्रा में सावधानी बरतें। क्षमता से अधिक कार्य करने से मर्ज बिगड़ सकता है। मनचाहा स्थानान्तरण मिल सकता है। अपने लक्ष्य के प्रति सजग रहें। शुभांक-2-5-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंगे। बौद्धिक कार्यों में दक्षता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मन: स्थिति से अधिक प्रभावित रहेगा। शुभांक-3-4-7

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा)
पुरूषार्थ और कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में आप वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक समय उपलब्धिकारक रहेगा। शुभांक-4-5-6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
मित्तव्ययता रखें क्योंकि रुपये-पैसों की सुविधा आगे मिले न मिले। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष से सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। पुरुषार्थ का सहारा लें। शुभांक -4-6-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
निकटस्त व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में बाधा को दूर करेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। आनन्ददायक वातावरण बनेगा। शुभांक-3-5-6

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। शुभांक-5-7-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
ज्ञानीजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। आध्यात्मिक वातावरण बनेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभांक-1-5-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू)
विवादों व मुकदमेबाजी से राहत मिलेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंग। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-5-7-9


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
अवरुद्ध कार्य सम्पन्न होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग मिलेगा। स्वयं को अधिक सक्रिय पाएंगे। शुभांक-3-5-7

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी)
ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। धार्मिक यात्रा का योग है। शुभांक-2-5-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
हरि करे सो खरी अत: हानि का कोई भय नहीं, यथावत कार्य जारी रखें। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। शुभांक-3-4-6

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
मुंह मांगी मुराद मिलेगी यानि इच्छित फल की प्राप्ति होगी। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंग। धार्मिक कार्य में समय व धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। शुभांक-2-4-7

## फिल्म वर्ग पहेली- 6001



**ऊपर से नीचे:-**

१. संजीवकुमार, शबाना आजमी की फिल्म-३
२. देवआनंद, वहीदा रहमान की 'रंगीला रे तेरे रंग में' गीत वाली फिल्म-२,३
३. 'कितना बेचैन होके' गीत वाली आफ ताब, लिसा रे की फिल्म-३
४. फिल्म 'रफूचक्कर' में ऋषिकपूर के साथ नायिका कौन थी?-२,२
५. फिल्म 'छैला बाबू' में राजेश खन्ना के साथ नायिका कौन थी?-३
९. अमिताभ, रितिक, प्रीती जिंटा की 'अगर मैं कहूँ' गीत वाली फिल्म-२
१२. 'तुम रूठ के मत जाना' गीत वाली भारतभूषण, मधुबाला की फिल्म-३
१३. किशोर कुमार, चाँद उस्मानी की 'छोटा सा घर होगा' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'दिल मेरा अकेला' गीत वाली आमिर, फैजल, टिवंकल की फिल्म-२
१५. फरदीनखान, उर्मिला की 'दो प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'तेरे प्यार का छाया नशा' गीत वाली आफताब, युक्ता मुखी की फिल्म-२
१९. फिल्म 'काश आप हमारे होते' का नायक कौन है?-२
२०. मिथुन चक्रवर्ती, टीना मुनीम की 'तुम सा नहीं देखा' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'ये लड़की जरा सी' गीत वाली कुमार गौरव, विजेयता पंडित की फिल्म-२,२
२२. मिथुन चक्रवर्ती, ऋतुपर्णा की 'गोरे रंग का जमाना' गीत वाली फिल्म-४
२३. 'मिर्ची ये मिर्ची' गीत वाली फिल्म-३

**बायें से दायें:-**

१. फरदीन, करीना की अमिताभ बच्चन की शीर्षक भूमिका वाली फिल्म-२
२. 'चल दरिया में डूब' गीत वाली राजेश खन्ना, हेमा, मुमताज की फिल्म-२,३
६. करणनाथ, मनीषा, नतान्या की 'दिल तो उड़ने लगा' गीत वाली फिल्म-२
७. 'बाहर है प्रॉबलम' गीत वाली अमृता सिंह, अमिताभ, मीनाक्षी की फिल्म-३
८. अनिलकपूर, अक्षय, ऐश्वर्या की 'इस टूटे दिल की पीर' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'सुनता है मेरा खुदा' गीत वाली अनिलकपूर, माधुरी की फिल्म-३
११. जीतेंद्र, श्रीदेवी की 'गोरी तेरे अंग अंग में' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'बोल बेबी बोल' गीत वाली अनिलकपूर, मीनाक्षी की फिल्म-२,२
१६. बॉबी देओल, मनीषा, काजोल की 'दुनिया हसीनों का मेला' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'कोई माने या ना माने' गीत वाली फिरोजखान, रेखा की फिल्म-३
१९. देवआनंद, वहीदा की 'है अपना दिल तो आवारा' गीत वाली फिल्म-३,२
२३. 'गिर गया झुमका' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की फिल्म-३
२४. फिल्म 'तीसरी कसम' में राजकपूर के साथ नायिका कौन थी?-३
२५. प्राण, नवीन निश्चल, रेखा की 'ना सतरा से ऊपर' गीत वाली फिल्म-२
२६. 'तुझे प्यार करते करते' गीत वाली अजय देवगन, जूही की फिल्म-४
२७. अजय देवगन, रानी मुखर्जी की 'ना ना मेहंदी ना मुझको लगाना' गीत वाली फिल्म-२,२

**फिल्म वर्ग पहेली- 6000**



Jagrutidaur.com, Bangalore

# हमारे सद्गुणों को सींचती है ईश्वरीय आस्था

आस्था के सही अर्थ समझते हुए मन, वचन और कर्म से अध्यात्म के मार्ग पर चलने की सोच इंसान को हर तरह की नकारात्मक वृत्ति से बचाती है। दोषपूर्ण विचारों से दूर रखती है। मन को डिगाने और मस्तिष्क को बहकाने वाली आदतों और अनुमानों के मौजूदा समय में यह एक रक्षा कवच के समान है। जो जीवनशैली में बदलाव करने से लेकर भावनाओं को दिशा देने तक, हर तरह के भटकाव से बचाता है। कहते भी हैं कि जो सत्कर्म करता है बुरे कर्मों से दूर ही रहता है। ऐसे में अच्छे कार्यों और विचारों की ओर प्रवृत्त कर आस्था रूपी विश्वास की डोर हमारे पूर्ण-सम्पूर्ण अस्तित्व को बिखरने से बचाती है।सद?गुणों से सींचित मन-करुणा, संवेदना, प्रेम, आत्मचिंतन और आशाओं से भरा मन, मानवीय व्यवहार के सबसे उज्ज्वल पक्ष हैं। इनकी बुनियाद पर ही सकारात्मक सोच और सदाचार के भावों का भवन खड़ा होता है। ऐसे गुण न केवल स्वयं को थामते हैं बल्कि किसी दूसरे इंसान की भी मन:स्थिति समझने और परिस्थितिजन्य परेशानियों में सम्बल देने का आधार बन सकते हैं। ईश्वरीय आस्था हमारे अन्तर्मन को ऐसे ही सद्गुणों से सींचती है। विचार की दिशाहीनता पर लगाम लगाती है। जिससे मानवीय भावों का स्पंदन सार्थक गतिशीलता लिए होता है। तुलसीदास जी ने कहा है कि 'परहित सरिस धर्म नहीं भाई, परपीड़ा सम नहीं अधमाई' यानी दूसरों की भलाई के समान कोई धर्म नहीं, दूसरों को पीड़ा पहुंचाने से बड़ा कोई अधर्म नहीं। आज जब मन, वचन और व्यवहार में कटुता जगह बनाती जा रही है, धार्मिक आस्था का यही भाव सबसे ज्यादा जरूरी है। इसीलिए सदैव बेहतर समाज के निर्माण हेतु अच्छे गुणों एवं मूल्यों को महत्व दिया गया है। सद्गुणों को अनमोल पूंजी माना गया है। ऐसा धन जिसका कभी क्षय नहीं होता। जिसकी चोरी नहीं हो सकती। महान दार्शनिक सुकरात के मुताबिक 'सद्गुण ही ज्ञान हैं।' यानी अच्छे गुण ऐसा ज्ञान धन हैं, जो मन-जीवन के हर पक्ष को संवारते हैं। ऐसे में हर तरफ बढ़ती नकारात्मक सोच और हिंसक वृत्तियों के इस दौर में सद्गुणों को सींचने वाला आस्था के भाव बेहद अहम है।



### आडम्बर नहीं आस्था का भाव

आज हमारे सामाजिक, पारिवारिक और व्यक्तिगत जीवन में बिखराव की सबसे ब?ी वजह नकारात्मक वृत्तियां ही हैं। आए दिन किसी परिचित-अपरिचित से जु?ी कोई घटना, विचार या बर्ताव हमें चकित भी करता और चिंतित भी। कैसे कोई यूं हिंसक व्यवहार कर सकता है? कैसे कोई ऐसी अभद्र भाषा बोल सकता है? कैसे किसी के मन में इतनी कटुता हो सकती है? किस तरह यूं छल कपट का पीड़ादायी खेल खेला जा सकता है?

## सूडोकु नवताल- 6513

* * * * * कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | | | 3 | |
| | | 6 | | 2 | | 4 | | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 7 | | | | 4 | | | | 9 |
| | 9 | | | | | | 5 | |
| | | | 2 | | | 1 | | |
| | | 1 | | 7 | | 6 | | |
| | 5 | | | | 3 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6512 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 7 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 | 5 | 8 |
| 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 6 | 1 | 3 | 8 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 1 | 7 | 6 |
| 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 3 | 5 | 2 | 4 |




### विचार प्रवाह

मौजूदा वक्त में शादियां बहुत ही महंगी होती जा रही हैं क्योंकि शादियों में होने वाला महिला संगीत आज बहुत ही खर्चीला हो गया है। उससे भी ज्यादा चिंताजनक बात यह है कि शादियों में होने वाले महिला संगीत में कुलीन घरों की महिलाएं मर्यादाहीन होकर नाचती हैं। यह अशोभनीय कृत्य है। शादियों में महिला संगीत बंद होना चाहिए। यह संगीत के नाम पर फूहड़ प्रदर्शन है।

**-मुनिश्री तरुण सागर**

## शब्द पहेली - 7552



**बाएँ से दाएँ**

1. सावधान, सचेत-3
3. खूबसूरत-3
5. वचन, प्रतिज्ञा-2
6. हत्या, मर्डर-2
8. तब तक, अवधि में-4
10. चरित्र, लक्षण-3
12. रूस की मुद्रा-3
13. परागकण-2
14. नाखून-2
15. छुटकारा, आजादी-3
17. तट, किनारा-3
19. ईश्वर, भगवान -4
21. अधीन, काबू-2
23. नवीन, नवजात-2
24. लेखनी, पेन-3
25. लाईन, रेखा -3

**ऊपर से नीचे**

1. हमेशा, सदैव-2
2. विष, जहर-3
3. गर्भ-3
4. नया, नवल-2
5. पुनरागमन-3
7. मस्ती, उछलकूद-3
8. स्वभाव, आदत-4
9. नुकसान, घाटा-2
12. कपोल, गाल-4
15. शान्ति, सन्नाटा-3
16. ताकत, दम, बल-2
18. बोलने का तरीका-3
19. प्रतिज्ञा, वचन-3
20. आज्ञापालन-3
22. वहम, संदेह-2
23. लोहे की तांत-2

**शब्द पहेली -7551 का हल**



Jagrutidaur.com, Bangalore



# मप्र में विभिन्न राज्यों की संस्कृतियों को प्रदर्शित करने वाले सांस्कृतिक उत्सव होंगे- शिवराज सिंह

**भोपाल यशभारत। मध्य प्रदेश और मणिपुर के बीच पर्यटन, सांस्कृतिक और अन्य क्षेत्रों में परस्पर आदान-प्रदान बढ़ाने के प्रयास किए जाएंगे। विभिन्न राज्यों की संस्कृति को प्रदर्शित करने वाले सांस्कृतिक उत्सव होंगे। मणिपुर सुंदर वन, जल और जन-संपदा से परिपूर्ण भारत का मुकुट मणि राज्य है।**

मध्य प्रदेश और मणिपुर में काफी साम्य भी है।यह बात मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मणिपुर के इंफाल में राजकीय उत्सव संगाई महोत्सव के मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कही। एक साथ 14 स्थानों से प्रारंभ हुए इस उत्सव के उद्घाटन कार्यक्रम से केंद्रीय पर्यटन मंत्री जी किशन रेड्डी भी जुड़े।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाक्सिंग में मेरीकाम से लेकर अन्य खेलों के प्रतिभावान खिलाड़ी मणिपुर का माथा ऊंचा किए हुए हैं। नेताजी सुभाषचंद्र बोस की आजाद हिंद फौज ने हिंदुस्तान की धरती पर सबसे पहले तिरंगा मणिपुर में ही फहराया था। इस नाते मणिपुर का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि मणिपुर, देश ही नहीं, दुनिया के सबसे अच्छे राज्यों में से एक बन जाए, जो मणियों से भरा हो उसे हिंदी में मणिपुर कहते हैं। यह सचमुच में अद्भुत प्रदेश है। यहां के मंदिर भी अद्भुत हैं। गोविंद जी मंदिर और गोपीनाथ जी का मंदिर मणिपुर में आस्था का केंद्र हैं। मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के नेतृत्व में मणिपुर विकास पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। आने वाले दस वर्ष में मणिपुर हिंदुस्तान का सबसे बड़ा पर्यटन का केंद्र होगा। उन्होंने मणिपुर के रहवासियों को पर्यटन के लिए मध्य प्रदेश आने का आमंत्रण देते हुए कहा कि हमारे यहां की सुंदरता भी कम नहीं है। मणिपुर के जो विद्यार्थी मध्य प्रदेश में अध्ययनरत हैं, उनकी चिंता करना मुख्यमंत्री के नाते मेरा दायित्व है। महोत्सव में मणिपुर के लोक कलाकारों सहित मध्य प्रदेश के लोक नृत्य की भी प्रस्तुति हुई।

### एक भारत-श्रेष्ठ भारत अद्भुत विचार

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का एक भारत-श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम और विचार अद्भुत है। इससे देश में भावनात्मक एकता मजबूत हो रही है। एक राज्य दूसरे राज्य की परंपराओं, जीवन-मूल्यों और संस्कृति को समझ रहा है और राज्य परस्पर निकट आ रहे हैं।

# मप्र मेडिकल ऑफिसर्स एसोसिएशन की नई टीम का गठन

## इंदौर के डॉ.माधव हसानी अध्यक्ष, भोपाल के डॉ.रितेश तंवर महासचिव बने

**भोपाल, यशभारत।** मप्र मेडिकल ऑफिसर्स एसोसिएशन के चुनाव हुए। शिवपुरी के रिटायर्ड सीएमएचओ डॉ. एएल शर्मा ने बतौर चुनाव अधिकारी निर्वाचन की प्रक्रिया पूरी कराई। इसमें इंदौर के डॉ. माधव हसानी को अध्यक्ष और भोपाल के डॉ.रितेश तंवर को जनरल सेक्रटरी चुना गया। करीब चार साल बाद मप्र चिकित्सा अधिकारी संघ के चुनाव हुए हैं।



ये है एमपी मेडिकल ऑफिसर्स एसोसिएशन की नई कार्यकारिणीडॉ.माधव हसानी (इंदौर) अध्यक्षडॉ. रितेश तंवर (भोपाल) महासचिवडॉ. शिरीष रघुवंशी (धार) उपाध्यक्ष, इंदौर संभागडॉ. एपी सिंह (रतलाम) उपाध्यक्ष, उज्जैन संभाग
डॉ. अमित मालाकार (इंदौर) संगठन सचिव
डॉ. हिमांशु जायसवार (भोपाल) कोषाध्यक्ष
डॉ. नवीन मेहर (सीहोर) संयुक्त सचिव भोपाल संभागडॉ. कमलेश अहिरवार (धार) संयुक्त सचिव इंदौर संभागडॉ. धर्मेन्द्र भदौरिया, संभागीय सचिव, भोपाल संभागडॉ.कोमल विजयवर्गीय महिला प्रतिनिधिडॉ.कल्पना भटनागर, महिला प्रतिनिधि

# मध्यप्रदेश में पेंशनरों की पांच प्रतिशत महंगाई राहत को मुख्यमंत्री ने दी मंजूरी

**भोपाल यशभारत।** प्रदेश के साढ़े चार लाख पेंशनर की महंगाई राहत पांच प्रतिशत इसी सप्ताह बढ़ेगी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वित्त विभाग के प्रस्ताव को अनुमति दे दी है। इन्हें अभी 28 प्रतिशत की दर से महंगाई राहत मिल रही है। इस वृद्धि के बाद सातवां वेतनमान प्राप्त कर रहे पेंशनर को 33 और छठवां वेतनमान लेने वाले पेंशनर को 201 प्रतिशत की दर से महंगाई राहत मिलेगी। प्रदेश सरकार कर्मचारियों के महंगाई भत्ते और पेंशनर की महंगाई राहत में 14 प्रतिशत की वृद्धि करने का निर्णय पहले ही कर चुकी है। अगस्त में कर्मचारियों के महंगाई भत्ते को 31 से बढ़ाकर 34 प्रतिशत किया गया था, तब पेंशनर की महंगाई राहत में वृद्धि के लिए छत्तीसगढ़ सरकार से सहमति मांगी थी, लेकिन तब से मामला अटका था। 15 नवंबर को छत्तीसगढ़ ने पेंशनर की महंगाई राहत में छह प्रतिशत की वृद्धि कर अक्टूबर से लाभ देना प्रारंभ किया। प्रदेश के पेंशनर को इसका लाभ देने के लिए वित्त विभाग ने प्रस्ताव बनाकर मुख्यमंत्री को भेजा था, जिसे अनुमति मिल गई है। इसी सप्ताह महंगाई राहत में वृद्धि के आदेश जारी कर अक्टूबर से लाभ दिया जाएगा। सातवें वेतनमान में पांच और छठवें वेतनमान में 12 प्रतिशत महंगाई राहत बढ़ेगी। छठवां वेतनमान प्राप्त पेंशनर को अभी 189 प्रतिशत की दर से महंगाई राहत मिल रही है।





# मध्यप्रदेश में 5 दिसंबर से कड़ाके की ठंड

**भोपाल में 13 साल बाद नवंबर में 10 डिग्री के नीचे आया तापमान**

**भोपाल,यशभारत।** हिमालय से आ रही उत्तरी हवाओं के कारण मध्यप्रदेश में रिकॉर्ड ठंड पड़ने लगी है। भोपाल और आसपास के इलाकों में तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। अभी चार से पांच दिन प्रदेश भर में तापमान में इसी तरह उतार-चढ़ाव रहेगा। भोपाल में अभी तक नवंबर महीने में पिछले 13 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। यानी नवंबर की रातें सबसे सर्द रहीं। 13 साल बाद 10 डिग्री के नीचे यानी 9.8 डिग्री तक तापमान पहुंचा है। इससे पहले 2009 में नवंबर महीने में सबसे कम रात का पारा 9.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। 22 साल में दूसरी बार नवंबर की रातें सबसे सर्द रहीं। वहीं, प्रदेश में कड़ाके की ठंड के लिए एक सप्ताह इंतजार करना होगा। 5 दिसंबर से तेज सर्दी पड़ेगी। अभी पचमढ़ी सबसे ठंडा इलाका है। यहां न्यूनतम तापमान 5 डिग्री के आसपास चल रहा है। ग्वालियर में रात का पारा 8.7 डिग्री पर रिकॉर्ड किया गया।मौसम वैज्ञानिक अशफाक हुसैन ने बताया कि अभी कोई सिस्टम नहीं है। सिर्फ हवाएं उत्तरी होने के कारण प्रदेश भर में कई इलाकों में तापमान गिर रहा है। हिमालय पर अभी उम्मीद के मुताबिक बर्फबारी नहीं हुई है। ऐसा ईरान से हवाएं नहीं आने के कारण हो रहा है। अब तक स्ट्रॉन्ग विंड सिस्टम नहीं बनने के कारण तापमान में ज्यादा गिरावट दर्ज नहीं की गई है। अब 5 दिसंबर से अच्छी ठंड होने की उम्मीद है। तब न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है। तब रात का पारा अधिकांश इलाकों में 8 डिग्री के नीचे जा सकता है।मौसम विभाग की मानें तो दिसंबर के पहले सप्ताह में से ठंड का जोर शुरू होगा। सबसे ज्यादा ठंड ग्वालियर और जबलपुर के साथ बुंदेलखंड के इलाकों में रहेगी। इसके अलावा, रायसेन और भोपाल में भी अच्छी ठंड पड़ सकती है। उज्जैन और इंदौर में हवाएं के रुख पर ठंड के तेवर निर्भर हैं। अभी इंदौर में हवाएं नार्दनली होने के कारण उतने ज्यादा तापमान नीचे नहीं आ पा रहे हैं।

# मतांतरण को लेकर हिंदू संगठनों का हंगामा

**भोपाल, यशभारत।** टीटीनगर के शिव नगर बस्ती में रविवार को मतांतरण कराने का मामला सामने आया है। इस मामले को हिंदू संगठनों ने जमकर हंगामा मचाया। जानकारी मिलते ही टीटीनगर से पुलिस कर्मियों की टीम ने मौके पर पहुंचकर दो लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है। पुलिस का कहना है कि पूछताछ के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ जारी है।टीटीनगर पुलिस के मुताबिक रविवार सुबह थाना स्तर पर सूचना पहुंची कि शिव नगर इलाके में ईसाई धर्म के कुछ लोगों ने 12 से 13 लोगों को जमा कर रखा था। जब इसको लेकर ईसाई धर्म के लोगों से बात की तो उनका कहना था कि वह प्रार्थना करवा रहे थे, लेकिन सवाल यह है कि इस प्रार्थना में हिंदू धर्म के लोगों को शामिल क्यों किया गया था। इसकी

## पुलिस ने दो संदिग्धों को हिरासत में लिया

जानकारी लगने पर हिंदू संगठन भी मौके पर पहुंच गए थे। इस मुद्दे को लेकर संस्कृति बचाओ मंच समेत कुछ हिंदू संगठनों ने जमकर हंगामा मचाया। कुछ लोगों ने प्रार्थना कराने वाले लोगों के साथ मारपीट करने की भी कोशिश की, लेकिन समय रहते पुलिस ने उनको लोगों को अपने साथ थाने ले आई अन्यथा उनके साथ मारपीट हो सकती थी। इस मामले में भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा की भी प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने कहा कि भोपाल में भी एक मतांतरण का मामला निकलकर आया है। जबलपुर में एक बिशप को पकड़ा गया। दमोह में भी ऐसी घटना हुई है। बैतूल में भी इस प्रकार का लोगों ने प्रयास किया। लेकिन ऐसे लोग मध्य प्रदेश के अंदर अब नहीं बचेंगे। कोई भी मतांतरण जैसी गतिविधि चलाने का कोई प्रयास करेगा तो उसे जेल की सीखचों में जाना पड़ेगा। ऐसी घटनाओं पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई हमारी सरकार करेगी।

**इनका कहना है**

कुछ लोगों से पूछताछ की जा रही है। शिवनगर में मतांतरण का मामले की जानकारी लगी थी। साक्ष्य मिलते ही कार्रवाई की जाएगी। शाम तक मामले में एफआइआर दर्ज हो सकती है।

**- चंद्रशेखर पांडे, एसीपी, टीटीनगर**

# समुद्र किनारे मिला बीना की युवती का अर्धनग्न शव,बीन ओडिशा के पुरी में हुई थी लापता

## रेप के बाद हत्या की आशंका

**भोपाल, ईएमएस।** मध्यप्रदेश की युवती का ओडिशा के जगन्नाथपुरी में समुद्र बीच पर अर्धनग्न हालत में अधजला शव मिला है। लड़की परिवार के साथ वहां घूमने गई थी। इसी दौरान अचानक लापता हो गई। तीन दिन बाद उसकी लाश मिली है। परिजनों ने रेप की आशंका जताई है। नाराज परिजनों ने रविवार को चक्काजाम कर दिया। मामला सागर जिले के बीना का है। युवती के भाई ने पूरा घटनाक्रम बताया। उसने बताया कि 19 नवंबर को मैं माता-पिता, ड़ बहन और रिश्तेदार के साथ गांव के कुछ और लोग जगन्नाथपुरी यात्रा के लिए रवाना हुए थे। 21 नवंबर को हम वहां पहुंच गए। हम सीटी रोड क्षेत्र स्थित शांति पैलेस नाम की होटल में रुके। 23 नवंबर की सुबह 5.42 बज रहे थे। कमरे की बालकनी से कपड़े नीचे गिर गए थे। बहन उसे लेने नीचे गई थी। काफी देर बाद वह नहीं लौटी तो हम लोगों ने सोचा कि चाचा के साथ मंदिर चली गई होगी।मंदिर से जब चाचा अकेले लौटे, तो हमने बहन के बारे में पूछा। उन्होंने बताया कि वे अकेले मंदिर गए थे। इसके बाद हम लोगों ने उसकी बहुत तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। होटल के कैमरे देखें तो वह सीसीटीवी में नीचे आते तो नजर आई, लेकिन उसके बाद कहां गायब हो गई यह पता नहीं चला। उसी दिन शाम को हमने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

# गुरु तेग बहादुरजी के शहीदी पर देश की खुशहाली के लिए सामूहिक अरदास हुई

**भोपाल यशभारत।** सिख समाज के नौवें गुरु गुरु तेगबहादुरजी का शहीदी पर्व रविवार को राजधानी में श्रद्धा से मनाया गया। इस अवसर पर रायसेन रोड स्थित गुरुद्वारा गुरु नानक पुरा में चल रहे अखंड पाठ का सुबह आठ बजे समापन हुआ। शहीदी पर्व पर कवि, कीर्तन, प्रवचन दरबार में हजारों श्रद्धालुओं ने सुबह से ही लंबी-लंबी कतारों में लगकर अपनी श्रद्धा के फूल भेंट चढ़ाए और माथा टेका। गुरुद्वारे में सामूहिक अरदास हुई। उसमें देश की सुख, समृद्धि और सभी देशवासियों की खुशहाली की कामना की गई।आयोजन समिति के प्रवक्ता गुरुचरणसिंह अरोड़ा ने बताया कि विशाल कवि दरबार में पंथक कवि रशपाल सिंह जालंधर ने कहा धन गुरु नौवे पातशाह तेरा कोई नहीं सानी, कोम नू जिंदा कर गई तेरी धन कुर्बानी। कवि



ने प्रवचन में कहा दुनिया के इतिहास में कभी ना हुआ है ना कभी होगा। जैसा गुरुतेगबहादुर साहब के साथ हुआ। उनका अंतिम संस्कार दो स्थानों पर किया गया था। लखीशाह बंजारा ने गुरु तेगबहादुरजी के धड़ का दाह संस्कार रकाब गंज दिल्ली में किया। जहां आज गुरुद्वारा रकाब गंज सुशोभित है। भाई जैतासिंह गुरुतेगबहादुरजी का सिर लेकर श्रीआनंदपुर साहब पहुंचे। वहां गुरुजी के नौ साल के पुत्र गुरु गोविंदसिंहजी ने सिर का अंतिम संस्कार किया। कवि शुक्र गुजार सिंह दीवाना अमृतसर पंजाब ने कविता में कहा मेरे हर मसले का हल गुरु ग्रंथ साहब, वह जुगो जुगो अटल गुरु ग्रंथ साहब है। कीर्तन दरबार मैं रागी जत्था भाई अरविंदर पाल सिंह ने कहा ईश्वर की बख्शीश के बिना, भक्ति नहीं की जा सकती। जे मन की मैल साफ करनी है, तो आप को गुरु घर आना पड़ेगा। सतसंगत करनी पड़ेगी। सतसंगत में परमात्मा हमें मोह माया के बंधन मुक्त रहने का मार्ग दिखाता है। गुरुद्वारा के ज्ञानी कमलजीत सिंहजी ने समूह संगत के साथ अरदास की। इसमें देश की सुख, समृद्धि, खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर गुरुद्वारा गुरु नानक पुरा के महामंत्री जसबीर सिंह भीमरा, गुरुद्वारा साकेत नगर के अध्यक्ष हरदीप सिंह सैनी, विक्रमजीत सिंह, सुखदेव सिंह, जसविंदर सिंह भीमरा, अवतार सिंह, सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित थे।

# 56 आपराधिक वारदात करने वाला जावेद चिकना गिरफ्तार, दो बाइक बरामद

**भोपाल, ईएमएस।** राजधानी के जहांगीराबाद पुलिस ने रविवार रात शहर के नामी बदमाश जावेद चिकना को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित लंबे समय से फरार था, वह दस दिन से जहांगीराबाद इलाके में बाइक चोरी की वारदातें कर रहा था। पुलिस ने उसकी जानकारी जुटाकर उसे दबोच लिया। उसके पास से चोरी की दो बाइक भी बरामद की गई हैं, जिनकी कीमत एक लाख के करीब है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।जहांगीराबाद थाने के थाना प्रभारी शहबाज खान के मुताबिक ऐशबाग थाना क्षेत्र का शातिर बदमाश जावेद चिकना लंबे समय से फरार था। उसके खिलाफ रासुका के तहत कार्रवाई की जा चुकी है। उसके बाद भी लगातार वारदात कर रहा था। वह पुराना बदमाश है। उस पर लूट, चोरी और मारपीट जैसे करीब 56 आपराधिक मामले दर्ज हैं। जब थाना क्षेत्र में बाइक चोरी की घटनाएं बढ़ीं तो मुखबिर तंत्र को मजबूत किया। इस दौरान पुलिस को मालूम चला कि इन चोरी की वारदात में ऐशबाग का निगरानी बदमाश 38 साल का जावेद चिकना शामिल है।



## बाप-बेटे पर रेप का केस

# बेटे से निकाह कराने का कहकर पिता ने भी गलत किया

**भोपाल यशभारत।** भोपाल में हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जिसमें बाप-बेटे पर रेप का केस दर्ज हुआ है। दोनों ने अलग-अलग मौकों पर एक युवती को शादी का झांसा देकर उसके साथ रेप किया।24 साल की युवती ने पुलिस में शिकायत करते हुए बताया- बॉयफ्रेंड शादी का वादा कर उसका शारीरिक शोषण करता रहा, इसके बाद ल?के के पिता ने बेटे से शादी कराने का वादा कर उससे रिलेशन बनाए। बाद में दोनों मुकर गए। अभी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस बाप-बेटे की तलाश में छापेमारी कर रही है। निशातपुरा पुलिस के मुताबिक, पीड़िता छोला मंदिर इलाके की रहने वाली है। पुलिस को उसने बताया, वो चौक बाजार में एक कॉस्मेटिक की दुकान में 2019 से काम कर रही है। यहां आरोपी इब्राहिम उर्फ समीर भी काम करता है। साथ में काम करने के दौरान हमारी दोस्ती हो गई। कुछ दिन की बातचीत के बाद उसने मुझे प्रपोज किया, मैंने एक्सेप्ट कर लिया। दुकान के ऊपर गोदाम है। जब मैं वहां जाती, तो वो भी पीछे-पीछे आ जाता। इब्राहिम शादी का वादा कर गलत काम करता रहा।इतना ही नहीं, आरोपी मुझे अल्पना तिराहे और चेतन मार्केट के पास बने होटल में भी मिलने के बहाने बुलाने लगा। उसने वहां भी कई बार रेप किया। इसी साल जब मैंने उससे शादी के लिए कहा तो वह टालने लगा। जब दबाव बनाया तो सीधा मुकर गया।इब्राहिम की शिकायत लेकर मैं उसके पिता साजिद के पास पहुंची। साजिद ने बेटे की गलती मानकर मुझे उससे शादी कराने का भरोसा दिया। एक दिन वो (आरोपी का पिता) मुझे ईटखेड़ी इलाके में ले गया। वहां मेरे साथ गलत किया। इसके बाद फिर करोंद में बुलाकर गलत काम किया। अब यह कहकर शादी से इनकार कर दिया कि बेटा अभी शादी के लिए राजी नहीं है।

# मध्य प्रदेश के पांच सौ केंद्र बनेंगे आदर्श, स्वास्थ्य मंत्री आज करेंगे शुभारंभ

भोपाल ईएमएस । प्रदेश के उप स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मिलाकर पांच सौ केंद्रों को आदर्श बनाया जाएगा। इसमें यहां मिलने वाली सभी तरह की सुविधाओं के लिए मापदंड तय किए जाएंगे। सभी प्रकार के दस्तावेजों को डिजिटल बनाया जाएगा। इससे मरीजों के उपचार में आसानी के साथ ही गुणवत्ता में सुधार होगा। उपचार संबंधी जानकारी डिजिटल होने से उन्हें बड़े अस्पताल में रेफर करने की स्थिति में दस्तावेज भी संबंधित अस्पताल में डिजिटल रूप में भेजे जा सकेंगे। इन केंद्रों का शुभारंभ भोपाल में सोमवार को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डा. प्रभुराम चौधरी करेंगे। इस दौरान वह स्टैंडर्ड आपरेटिंग प्रोटोकाल (एसओपी) का विमोचन भी करेंगे। टाटा ट्रस्ट के कलेक्टिव फार इंटीग्रेटेड लाइवलीहुड इनीशिएटिव्स (सीएलआइएल) के तकनीकी सहयोग से यह काम किया जा रहा है।

# वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए कांग्रेस चलाएगी बूथ जोड़ो कार्यक्रम

**भोपाल, यशभारत।** मध्य प्रदेश में अगले साल विधानसभा के चुनाव होने हैं। भाजपा और कांग्रेस का जोर इस बात पर है कि उसे प्राप्त होने वाले मत प्रतिशत में वृद्धि हो। भाजपा ने अपने पक्ष में दस प्रतिशत मतदान बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित किया है और इसे प्राप्त करने के लिए विभिन्न् कार्यक्रम चला रही है। अब कांग्रेस ने भी इस दिशा में काम करने के लिए कार्यक्रम बनाया है। पार्टी के सभी सहयोगी संगठन दिसंबर से बूथ जोड़ो कार्यक्रम चलाएंगे। इसमें उन केंद्रों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, जहां पार्टी की स्थिति तीसरे नंबर पर रही थी। बूथ प्रबंधन प्रकोष्ठ को विधानसभा क्षेत्रवार इसकी जानकारी तैयार करने का दायित्व दिया गया है। वर्ष 2018 में विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को 40.89 प्रतिशत मत प्राप्त हुए थे और 114 प्रत्याशी जीते थे। वहीं, भाजपा 41.02 प्रतिशत मत लेकर 109 सीटों पर विजयी रही थी। कांग्रेस ने निर्दलीय विधायकों के समर्थन से सरकार बनाई थी। कांग्रेस नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थक विधायकों के साथ पार्टी छोड़ने के कारण कमल नाथ सरकार अल्पमत में आ गई और सत्ता परिवर्तन हो गया। तब से ही भाजपा दस प्रतिशत मतदान अपने पक्ष में ब?ाने की दिशा में प्रयासरत है। इसके लिए बूथ सशक्तीकरण से लेकर अन्य कार्यक्रम चलाए गए। संगठन ने मुख्यमंत्री से लेकर जिला पदाधिकारियों को बूथ संपर्क कार्यक्रम में लगाया। प्रत्येक मतदान केंद्र का डेटा एकत्र कर कार्ययोजना बनाकर काम किया जा रहा है। पार्टी को इसका लाभ भी नगरीय निकाय चुनावों में मिला। भाजपा की तैयारी को देखते हुए कांग्रेस भी अपने पक्ष में मतदान बढ़ाने की दिशा में जुट गई है। प्रदेश कांग्रेस ने बूथ जोड़ो कार्यक्रम तैयार किया है। मोर्चा-प्रकोष्ठों के प्रभारी महामंत्री जेपी धनोपिया ने बताया कि बूथ प्रबंधन प्रकोष्ठ गठित किया गया है, जो प्रत्येक मतदान केंद्र की स्थिति को लेकर रिपोर्ट तैयार कर रहा है। इस आधार पर उन मतदान केंद्रों को चि-त किया जाएगा, जहां पार्टी प्रत्याशी लगातार हार रहे हैं या फिर पार्टी की स्थिति तीसरे नंबर की है।



# वनग्राम कारोपानी को राजस्व ग्राम में बदलने प्रस्ताव पारित

## जिला स्तरीय वन अधिकार बैठक में सर्वसम्मति से हुआ निर्णय





**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता में जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक का आयोजन शुक्रवार को ढीमरखेड़ा तहसील के वनग्राम कारोपानी में किया गया। बैठक में वन ग्राम कारोपानी को राजस्व ग्राम में संपरिवर्तन का संकल्प सर्वसम्मति से पारित किया गया। इस दौरान वन मंडलाधिकारी गौरव शर्मा, जिला पंचायत सी.ई.ओ शिशिर गेमावत, नदीमा शीरी, जिला पंचायत सदस्य अजय कुमार गोंटिया और राजनाथ सिंह जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण डॉ. पूजा द्विवेदी सहित अन्य जनों की मौजूद रहीं। बैठक में वन ग्राम कारोपानी अंतर्गत 37 दावेदारों को भू-अधिकार प्रमाण पत्र पूर्व में ही वितरित किए गए हैं। उपखंड ढीमरखेड़ा स्थित वन ग्राम कारोपानी को राजस्व ग्राम में संपरिवर्तन हेतु कार्यवाही किए जाने के लिए ग्राम वन अधिकार समिति कारोपानी एवं उपखंड स्तरीय वन अधिकार समिति ढीमरखेड़ा का कार्यवाही विवरण जिला स्तरीय वन अधिकार समिति कटनी के समक्ष प्रस्तुत किए। जिला स्तरीय समिति द्वारा ग्राम पंचायत कचनारी के जारी सूचना पत्र की प्रति, पटवारी प्रतिवेदन वन ग्राम की चतुर्सीमा गूगल मैप मानचित्र जिसमें बसाहट स्थित कृषि भूमि, भूमि का रकबा, बसाहट में भवन, जल संरचनाएं भूमि के प्रकार जैसे कृषि भूमि, चारागाह, श्मशान स्थल, सामुदायिक परिसंपत्तियों, सामुदायिक संसाधन इत्यादि के मानचित्र का परीक्षण किया गया है। कटनी जिला अंतर्गत एक वनग्राम कारोपानी को राजस्व ग्राम संपरिवर्तन की कार्यवाही के पूर्व ग्राम स्तरीय वन अधिकार समिति कारोपानी एवं उपखंड स्तरीय वन अधिकार समिति ढीमरखेड़ा द्वारा उपलब्ध कराए गए। कार्यवाही विवरण अनुसार ग्राम के अंतर्गत किसी भी ग्रामवासी द्वारा आपत्ति लिखित रूप में दर्ज नहीं कराए जाने एवं अन्य समस्त दस्तावेज पूर्ण पाए जाने के फ्लस्वरूप ग्राम वन अधिकार समिति तथा उपखंड स्तरीय वन अधिकार समिति द्वारा मान्य की अनुशंसा अनुसार उक्त ग्राम कारोपानी को राजस्व ग्राम में संपरिवर्तन करने के प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। इस प्रकार वन ग्राम कारोपानी को राजस्व ग्राम में संपरिवर्तन करने हेतु जिला स्तरीय समिति द्वारा अंतिम निश्चय किया जाकर संकल्प पारित किया गया। जिसका वाचन ग्राम सभा के समक्ष किया गया। परित संकल्प का ग्रामवासियों से जोरदार तालियों से स्वागत किया।

### कलेक्टर ने सुनी समस्याएं, ग्रामवासियों के साथ किया निरीक्षण, मेले का उठाया लुफ्त

कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा ग्राम सदस्यों से परिचय प्राप्त किया जाकर ग्रामवासियों के साथ संवाद किया तथा ग्राम में स्कूल, हाई स्कूल, आंगनवाड़ी की सुविधा, हैंडपंप एवं सड़कों के संबंध में भी जानकारी ली । सडक निर्माण हेतु नागरिकों द्वारा पूर्व में टेंडर होने की बात बताये जाने पर शीध्र ही नियमानुसार कार्यवाही कराये जाने तथा ग्राम मे मनरेगा का कार्य प्रारंभ कराने के निर्देश दिए। पेयजल की समस्या के निराकरण हेतु नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण कराते हुए बोर की व्यवस्था किए जाने हेतु एस.डी.ओ पी.एच.ई को निर्देशित किया गया। उपस्थित महिलाओं द्वारा ग्राम के नजदीक ही राशन वितरण दुकान खोले जाने की मांग की गई। नवीन आंगनवाड़ी केंद्र की मांग पर पूर्व निर्मित आंगनवाड़ी भवन का निरीक्षण किया जाकर आंगनवाड़ी की मरम्मत कराकर रंगाई पुताई कराने के भी निर्देश दिए। तालाब की मेढ़ टूटने संबंधी शिकायत पर कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा ग्रामवासियों के साथ में स्थल का निरीक्षण करते हुए जनभागीदारी से उपरोक्त कार्य कराने तथा तालाब को गहरा किया जानें की बात कही गई। इस दौरान ग्रामवासियों द्वारा शिकायत संबंधी आवेदन भी दिए गए जिस पर त्वरित कार्यवाही करनें के निर्देश कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा स्थल पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर द्वारा ग्रामीणों के साथ मिलकर चंडी मेले का पहुंचकर मेले का लुफ्त उठाते हुए सभी के साथ मिलकर गुड़ की जलेबी का स्वाद लिया।



## डीपीएस में हुआ एलोक्यूशन कॉम्पिटिशन

**कटनी,यशभारत।** दिल्ली पब्लिक स्कूल में एलोक्युशन कॉम्पिटिशन हुआ। जिसमें कक्षा पीपीएन से लेकर पीपीटू तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। एलोक्यूशन कॉम्पिटिशन में बच्चों को स्कूल की तरफ से दिए गए विषय पर आठ से 10 लाइन बोलनी थी। कुछ विषयों के नाम है मेरा विद्यालय, मेरा परिवार, मेरा फेवरेट कार्टून कैरेक्टर, मेरी क्लास टीचर, मेरा पालतू जानवर, मेरा बेस्ट फ्रेंड आदि सभी विद्यार्थियों ने अलग अलग विषय लेकर अपने विषय को समझाया। इन कक्षाओं की शिक्षकों ने बच्चों को प्रोत्साहित किया एवं मोटिवेट किया ताकि बच्चे सभी के सामने बोलना सीख सकें और बच्चों का सेल्फकॉन्फिडेंस बढ़े द्य विद्यालय की निर्देशिका जूही जैन, प्राचार्या सीमा दुबे, उपप्राचार्या मिसेस शबनम अख्तर और इंचार्ज मनमीत कौर भी विद्यालय में मौजूद थीं एवं बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## घंटाघर की सुंदरता बिगाड़ रहा आसपास जमा कचरा, नगर निगम का ध्यान नहीं



**कटनी,यशभारत।** शहर के मध्य 90 वर्ष पूर्व नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी स्व. पीरामल सरावगी द्वारा निर्मित कराया गया घन्टाघर अपने वास्तु शिल्प में दुनिया के अन्य घन्टाघर से अलग एवं अनूठा कहा जा सकता है । यह इमारत जमीन के ऊपर गुम्बज नुमा मीनार की तरह है तो ठीक उसी के नीचे इसी अकार का कुआँ बना हुआ है । आकर्षक साज सज्जा कर इसे लोगों के पर्यटन के लिए उपलब्ध कराया जा सकता है । किंतु इस विरासत के सामने सुबह कचरे का ढेर लगाया जाता है और दिन भर इसके इर्द गिर्द मालवाहक आटो-लोडर मच्छर के झुंड जैसे मंडराते हैं । एक सदी पूर्व निर्मित यह अनूठी इमारत अपने भाग्य संवारने को रो रही है । जनप्रतिनिधियों को इसके उद्धार के लिए पहल करना चाहिये।




## नेहरू युवा केंद्र कटनी में हुआ संविधान दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन

**कटनी,यशभारत।** नेहरू युवा केंद्र एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में जिला युवा अधिकारी कुमारी कीर्तिका कुहर एवं लेखापाल ध्पर्यवेक्षक राजकुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में कार्यालय नेहरू युवा केंद्र कटनी में संविधान दिवस के उपलक्ष्य में गोष्ठी का आयोजन किया गया। साथ ही साथ विकासखंड मुख्यालय के साथ साथ विकासखंड रीठी, बड़वाड़ा एवम ढीमखेड़ा में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक अंकित सोनी, आस्था त्रिपाठी, नरेंद्र कुशवाहा के द्वारा संविधान दिवस के उपलक्ष्य में चित्रकला, रंगोली एवं शपथ ग्रहण का आयोजन किया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत बड़ा बरेहेटा, धरवारा एवं शासकीय अनुसूचित जनजाति छात्रावास में किया गया जिसमें सहायक आशा कार्यकर्त्ता, उपसरपंच पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आजीविका मिशन स्व सहायता समूह से उपस्थिति रही। प्रतियोगिता के पश्चात संविधान दिवस की उद्देशिका पढ़कर शपथ ग्रहण किया गया की संविधान का पालन करेंगे।



# धान खरीदी केन्द्रों में पर्याप्त और पुख्ता व्यवस्था करें सुनिश्चित

### खरीफ विपणन व्यवस्था की तैयारियों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर अवि प्रसाद ने समर्थन मूल्य पर आज 28 नवंबर से जिले में शुरू होने वाली धान खरीदी के लिए खरीदी केंद्रों में पर्याप्त और पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करने की हिदायत दी। उन्होंने कहा किसी भी स्थिति में खरीदी केंद्र पहुंचने वाले किसान को असुविधा नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर श्री प्रसाद ने यह निर्देश शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 के लिए समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन कार्य की व्यवस्थाओं और अब तक की गई तैयारियों की केंद्रवार समीक्षा के दौरान दिए। बैठक में जिला उपार्जन समिति के सदस्यों सहित खरीदी केंद्र के प्रभारी और ऑपरेटर मौजूद रहे। कलेक्टर ने दो टूक लहजे में कहा कि समिति स्तरीय केंद्रों के प्रभारी व समिति प्रबंधक बिना तौल के उपार्जित धान परिवहनकर्ताओं को बिल्कुल नहीं सौंपेंगे। साथ ही किसानों से एफ ए.क्यू. गुणवत्ता की ही धान खरीदें। कृषक द्वारा अमानक धान लाने पर उसकी साफ सफाई कराई जाए और निर्धारित गुणवत्ता पाए जाने पर ही खरीदी करें। इसके लिए केंद्रों में छन्ना, पंखा, ग्रेडर आदि का समुचित प्रबंध सुनिश्चित हो। साथ ही किसानों से क्रय की गई धान को बारिश होने की स्थिति मे खराब होने से बचाने के लिए अभी से तिरपाल व कवर का इंतजाम किया जाए। ताकि धान को बर्बाद होने से बचाया जा सके। कलेक्टर श्री प्रसाद ने कहा कि सभी को यह पता होना चाहिए कि धान उपार्जन का कार्य किसानों के लिए किया जा रहा है। इस कार्य से महिला स्व-सहायता समूहों की भी भागीदारी है, इसलिए उनकी व्यवस्था व सुरक्षा का भी ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि खरीदी शुरू होने में अभी दो दिन का समय है। इसलिए सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद को बंद सुनिश्चित कर लें। बैठक में कटनी सेक्टर के परिवहनकर्ता जय श्री राम ट्रांसपार्ट कंपनी के प्रबंधक व प्रोप्राइटर की अनुपस्थिति पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने इसके लिए जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम को संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही प्रस्तावित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला आपूर्ति अधिकारी बालेन्द्र शुक्ला, डी.डी.ए. ए. के. राठौर, पियूष शुक्ला सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# पौधे भेंटकर स्थानांतरित शिक्षकों को दी गई विदाई



**कटनी,यशभारत।** कैलवारा कलां में विद्यालय के पूर्व प्राचार्य अग्रहरी के सहायक संचालक का पदभार ग्रहण करने, श्री राजपूत के एपीसी बनने के साथ नवागत प्रधानाध्यापक ज्योति बर्मन के स्वागत में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि अग्रहरी व विशिष्ट अतिथि आलोक पाठक की उपस्थिति में विद्यालय से स्थानांतरित अन्नपूर्णा भारती, जीवनलाल विश्वकर्मा एवं आयूषी पाठक को अन्य उपहारों के साथ हरे-भरे पेड़ भेंट कर विदाई दी गई। शिक्षिका अंजो पटेल, विद्यालय से के. पी. मिश्रा, विनोद गौतम, मधु पटेल, विनोद पंजवानी, प्रतिभा शुक्ला एवं तबस्सुम द्वारा अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। मनमोहन बैरागी, अंगद साहू, उमाशंकर व राजेश द्विवेदी द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गयी। साज-सज्जा कर विद्यालय व मंच को सजाया गया। विशेष प्रयासों में मुन्नी पटेल व अनुराधा बड़ेरिया तथा मेहरूननिशा अंसारी ने बच्चों को गर्म कपड़े भेंट किये। अतिथियों ने अपने अनुभवों को बारी-बारी से रखा। अंत में श्री अग्रहरी द्वारा अपने आत्मीय उद्बोधन से शिक्षा को मजबूत बनाने की प्रेरणा प्रदान की। विद्यालय परिवार की टीम भावना व कार्यप्रणाली से खुश होकर आलोक पाठक ने उत्साह वर्धक उद्बोधन दिया। विद्यालय के कार्यक्रम ने नैतिक शिक्षा, सामाजिक शिक्षा, सांस्कृतिक शिक्षा के साथ-साथ पर्यावरणीय शिक्षा को बढ़ावा देने का सराहनीय प्रयास किया। कार्यक्रम का संचालन तबस्सुम कुरैशी ने एवं आभार अभिव्यक्ति विनोद गौतम द्वारा किया गया।




## आंतकी विस्फोट के शहीदों को कैंडल जलाकर दी श्रद्धांजलि, महिला कांग्रेस का भावपूर्ण आयोजन

**कटनी,यशभारत।** जिला शहर महिला कांग्रेस के तत्वावधान में 26 नवंबर 2008 को मुंबई में हुए आतंकी विस्फोट में शहीद सैनिकों एवं मृत निर्दोश नागरिकों को कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि दी गई। अध्यक्ष रजनी वर्मा ने पहली कैंडल जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की बाद में बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं और वरिष्ठ कांग्रेसी जनों ने आतंकवाद और नफरत फैलाने वालों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की । मिशन चौक में आयोजित इस कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष प्रियदर्शन गौर, महिला कांग्रेस की प्रदेश सहसचिव सुमन रजक, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित शुक्ला, वरिष्ठ महिला नेत्री सरिता कटारे, लता कनौजिया एवं पार्षद नन्हीबाई, शोभा मंगलानी, अदिता वर्मा, रुक्मणि पांडे, सुमन सैनी, श्वेता कटारे, ममता दुबे उपस्थिति थीं। गांधी चौपाल समन्वयक संजय सिंह गोरा, महामंत्री अजय जेसवानी, सरपंच एसोसिएशन के अध्यक्ष कल्लू दास बैरागी, देवीदीन गुप्ता, नारायण निषाद, तुलाराम गोंटिया, प्रिंस सैनी के साथ ही महिलाओं में प्रमुख रूप से माया बेन, लता खरे, गिरजा देवी, उर्मिला देवी, कल्पना पाठक तथा ऊषा दुबे उपस्थित थीं।



## मंदिर एवं स्टेशन परिसर में भिक्षा मांगने वाले बच्चों को दी समझाइश

**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश के पालन में बाल कल्याण न्यायालय, महिला एवं बाल विकास, चाईल्ड लाईन, शिशु गृह के कर्मचारियों की टीम बनाकर शनिवार को स्टेशन परिसर, बस स्टेण्ड, स्थानीय मंदिर कटनी नगर निगम क्षेत्र एवं विकासखण्ड मुख्यालय के मंदिर क्षेत्र में भीख मांगने वाले बच्चों के विरूद्ध विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर समझाइश देकर स्कूल जाने हेतु प्रेरित किया गया। कटनी शनि मंदिर के पास तीन बच्चे उम्र लगभग 6 से 10 वर्ष के बीच अपनी मां के साथ भीख मांगते पाये गये । इन तीनों बच्चों को टीम द्वारा बाल गृह में भेजने के लिये पकड़ा गया। बच्चे की मां द्वारा आश्वासन दिया गया कि हम बच्चे भविष्य में साथ में नहीं लायेगें और स्कूल में भेजेंगे। इस आधार पर टीम द्वारा बच्चों को घर जाने के लिये अनुमति दी गई। पुनरू जांच के दौरान यदि ये बच्चे पाये जाते है तब इन्हें बाल गृह में रखकर इनके माता-पिता के विरूद्ध बाल संरक्षण अधिनियम 2015 एवं नियम 2016 के अनुसार कार्यवाही की जायेगी । जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह ने बताया कि टीम द्वारा स्थानीय स्टेशन परिसर में भी दबिश दी गई । दबिश के दौरान चार महिला यथा आशा मद्रासी 40 वर्ष, सबनम खान 30 वर्ष, संजना चौधरी 24 वर्ष एवं सालू खान 30 वर्ष भीख मांगने का कार्य करती है । इनके बच्चे शिव मद्रासी 16 वर्ष, बतलू गोस्वामी 17 वर्ष, अमरजीत 19 वर्ष एवं नेवा 18 वर्ष है, जिसे इनके माता द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर बाल गृह से पालन हेतु बच्चे वापस कर लिये गये थे, लेकिन इनके पास कोई रोजगार नहीं है। 18 वर्ष से कम के दोनों बच्चों को पुनरू बाल गृह में प्रवेश की कार्यवाही का निर्णय लिया गया एवं 18 वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों को रोजगार से जोड़ने के लिये आश्वासन दिया गया । महिलाओं द्वारा मांग की गई कि इन्हें भी रोजगार से जोड़ने की व्यवस्था की जाये । इन महिलाओं को नगरीय आजीविका मिशन से जोडने हेतु आश्वासन दिया गया। दबिश का नेतृत्व जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास जिला कटनी, महिला सशक्तिकरण अधिकारी, कटनी, रेल्वे पुलिस एवं स्थानीय पुलिस भी उपस्थित रहे। परियोजना अधिकारी विजयराघवगढ, संतोष अग्रवाल के नेतृत्व में शारदा मंदिर परिसर में भीख मांगने वाले बच्चों के लिये निरंतर दबिश दिये जाने से, अब वहां भीख मांगने वाले बच्चें नहीं आते है। मंदिर परिसर में प्रतिदिन एक बार स्थानीय आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा दबिश देने के लिये ड्यूटी भी नियत की गई है।



### कलेक्टर द्वारा बिजली विभाग की समीक्षा के बाद आई कार्यों में तेजी



# जिले में एक दिन में बदले गये 19 ट्रांसफार्मर



**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा बिजली विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान दिये गये निर्देश के बाद जिले में शनिवार को एक दिन में 19 ट्रांसफार्मरों बदले गये। साथ ही जिले को 25 के.वी.क्षमता के 30 ट्रांसफार्मरों प्राप्त हो गये हैं। अधीक्षण अभियंता मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बताया कि 45 पात्र ट्रांसफार्मरों में से 19 ट्रांसफार्मरों को शनिवार को बदल दिया गया है। शेष बचे ट्रांसफार्मरों को भी आगामी सात दिवस के भीतर प्राथमिकता के आधार पर बदल दिया जायेगा। अधीक्षण अभियंता ने बताया कि वर्तमान में वसूली की गई राशि में पाये गये पात्र ट्रांसफार्मरों को वरीयता क्रम में बदला जा रहा है। विदित हो कि हाल ही में 24 नवम्बर को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विधायक संदीप जायसवाल एवं विधायक विजयराघवेन्द्र सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेहरा, कलेक्टर अवि प्रसाद और जनपद पंचायत अध्यक्षों एवं सदस्यों की मौजूदगी में बिजली विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें पात्र ट्रांसफार्मरों को 15 दिनों के भीतर बदलने के निर्देश कलेक्टर अवि प्रसाद ने दिया था। अधीक्षण अभियंता ने उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि वे अपनी विद्युत बकाया राशि जमा कर दें और विद्युत विच्छेदन एवं न्यायिक कार्यवाही से बचें।

## पश्चिम क्षेत्र इंटर यूनिवर्सिटी कबड्डी प्रतियोगिता

# मेजबान रादुविवि का विजय अभियान जारी

**जबलपुर, यशभारत। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के तत्वावधान में विश्वविद्यालय खेल ग्राउंड और श्रीजानकीरमण कला एवं वणिज्य महाविद्यालय के खेल परिसर में में खेली जा रही पश्चिम क्षेत्र इंटर यूनिवर्सिटी पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता में प्रतिभागी टीमे शानदार खेल दिखा रहीं हैं। शारीरिक शिक्षण विभाग खेल परिसर में आज नाकआउट मुकाबले में मेजबान जबलपुर रानी दुर्गावती विश्वविद्यालयने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए व्हीजीयू जयपुर विश्वविद्यालय को 59-21 अंकों से करारी शिकस्त देते हुए नाकआउट चक्रकी ओर कदम बढ़ाए।**

इसके पूर्व प्रतियोगिता रादुविवि जबलपुर और आरजी पीजी भोपाल के मध्य हुए मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए मेजबान रादुविवि जबलपुर की टीम ने अपना विजयी अभियान जारी रखते हुए 45-21 से शानदार जीत हासिल की। तीसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष डॉ.आलोक चंसोरिया, विशिष्ट अतिथि मप्र फुटबॉल संघ सचिव श्री अमित रंजन देव मौजूद रहे। मैच पूर्व आमंत्रित अतिथियों का परिचय दोनों टीम के खिलाडियों से आयोजन सचिव व रादुविवि शाशिवि निदेशक प्रो.विशाल बन्ने के द्वारा कराया गया। मंच संचालन डॉ. सुनील लखेरा ने किया गया। रविवार को आंमत्रित अतिथियों की उपस्थिति में व्हीएनएस सूरत विश्वविद्यालय विरुद्ध औरंगाबाद विश्वविद्यालय के बीच मैच खेला गया जिसमें औरंगाबाद 62-29 के स्कोर पर विजयी रही। रादुविवि में प्रतियोगिता के दौरान डॉ. राजकुमार, डॉ. मनीष मिश्रा, डॉ. सचिन, डॉ.आशीष, श्री सुर्दशन सिंह, डॉ. नेहा, डॉ. शालनी यादव, डॉ रचना विश्वकर्मा, डॉ. प्रसन्नजीत चटर्जी, डॉ. पिन्ट दास, प्रशांत यादव, प्रवीण पांडे, सुशील शर्मा, डॉ कन्हैया राठौर का सहयोग उल्लेखनीय रहा।


श्रीजानकीरमण कला एवं वणिज्य महाविद्यालय के खेल परिसर में आयोजित हो रही पश्चिम क्षेत्र अंतर विश्व विद्यालयीन कबड्डी प्रतियोगिता के (पुरुष वर्ग) प्रतियोगिता के तीसरे दिन की प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ संतोष सिंह राजपूत, जिला खेल अधिकारी एवं संतोष तिवारी वरिष्ठ क्रीड़ाधिकारी रहे। द्वितीय सत्र का शुभारम्भ ज्योतिष एवं शारदा पीठ के शंकराचार्य द्वय के निज सचिव ब्रह्मचारी सुबुध्दानंदजी महाराज एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कार्य परिषद के सदस्य निखिल देशकर ने किया। सारस्वत अतिथि के रूप में विशाल बन्ने, आयोजन सचिव, पश्चिम क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय विद्यालयीन कबड्डी प्रतियोगिता, उपस्थित रहे । प्रतियोगिता का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा श्री हनुमान के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर दिया गया। इसके पश्चात समस्तर अतिथियों का स्वागत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, प्रतियोगिता के संयोजक डॉ. शक्ति सिंह मण्डलोई, डॉ. गंगाधर त्रिपाठी, अभिमन्यु जैन, यू. एस.दुबे, सुरेश मिश्र, आशुतोष दीक्षित एवं मनोज सेन ने किया । पूल सी में बी.यू भोपाल ने जोधपुर को 01 से , अजमेर ने उदयपुर को 16 अंको से, उदयपुर ने जलगांव को 10 अंको से, डी.ए.वी.वी. इंदौर ने भगवंत यूनिवर्सिटी अजमेर को 11 अंको से, कोल्हायपुर ने सोलापुर को 23 पाईट से, पारूल युनिवर्सिटी बडौदरा ने एस.एस.जे. झुंझनु को 10 अंको से, एस.पी.यू. पुणे ने नागपुर यूनिवर्सिटी को 20 अंको से, मुम्बेई ने जयपुर को 01 अंको से पराजित कर अगले चक्र में प्रवेश लिया। समस्त कार्यक्रम का संचालन डॉ.आनंद सिंह राणा ने किया। मैचों के संचालन में क्रीड़ाधिकारी डॉ. रमेश शुक्ला,डॉ. कमलेश दुबे, डॉ.हरीश दुबे, डॉ. अवधेश दुबे, डॉ. जुगल किशोर मेवारी, डॉ. विजेन्द्र यादव, डॉ. विशाल यादव, डॉ. विवेक चौबे, डॉ. संजय कुमार, डॉ. अल्का तिवारी, डॉ. रोहिला पिल्ले एवं डॉ. दीपेंद्र यादव ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। निर्णायक जे.सी शर्मा, प्रकाश यादव शानू, पतिराज सिंह बघेल, पुष्पेंद्र पांडे, सुनील ठाकुर अशोक पांडे, रविंद्र पांडे, जयेश परिहार, गुलबहार खान, बृजेश बावरा, पुष्पा रघुवंशी एवं परमूलाल यादव रहे। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के अनामिका सिंह, प्रशांत पाठक, तरुण मिश्रा, श्रीमती राधा झारिया, मीनाक्षी लोधी, मुकेश श्रीवास्तव, चंद्रकुमार चौबे ,मनोज चौरसिया, हेमंत सोंधिया, काजल मानेक, डेनियल पटेल, संजय पांडे, गोपाल रैकवार, भूपेंद्र अहिरवार के साथ बडी संख्याो में छात्र-छात्राओं की उपस्थित रही।






## नगर में राज्य जूनियर जूडो स्पर्धा 2 से 4 दिसंबर तक

**जबलपुर, यशभारत।** मध्य प्रदेश जूडो एसोसिएशन द्वारा जबलपुर को राज्य स्तरीय जूनियर जूडो प्रतियोगिता आयोजित करने का अवसर प्राप्त हुआ है यह प्रतियोगिता 2 दिसंबर से 4 दिसंबर तक लिटिल चेंप सीनियर सेकेंडरी स्कूल खजरी बाईपास में आयोजित की जा रही है। जिला जुडो एसोसिएशन के अध्यक्ष रवि गुप्ता एवं सचिव एवं कोच आबिद हुसैन खान ने बताया यह प्रतियोगिता 15 वर्ष से अधिक और 21 वर्ष से कम उम्र के बालक बालिकाओं के विभिन्न वजन समूह में आयोजित की जा रही है। श्री खान ने आगे बताया कि इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त खिलाड़ी आगामी 16 दिसंबर से 20 दिसंबर तक रांची झारखंड में आयोजित राष्ट्रीय जूनियर जूडो चैंपियनशिप में मध्यप्रदेश दल का प्रतिनिधित्व करेंगे, इस स्पर्धा में 2002 से लेकर 2007 तक जन्मे खिलाड़ी ही भाग ले सकेंगे। यह प्रतियोगिता पूर्णता है भारतीय जूडो महासंघ के तकनीकी निर्देशों के अनुसार आयोजित की जाएगी।



# अर्जेंटीना को हराने का इनाम!

## सऊदी अरब के खिलाड़ियों को मिलेगी 11 करोड़ की लग्जरी कार



**नई दिल्ली,एजेंसी।** कतर के लुसैल स्टेडियम में दो बार के फीफा विश्व कप चैंपियन अर्जेंटीना को हराकर दुनिया को दंग करने वाले सऊदी अरब फुटबॉल टीम के लिए प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान अल सऊद ने शाही खजाना खोल दिया है। वह विनिंग टीम के हर खिलाड़ी को RM million Rolls Royce Phantom कार देंगे, जिसकी कीमत भारत में 11-12 करोड़ है। फीफा वर्ल्ड कप 2022 में सऊदी ने हर किसी को हैरान करते हुए लियोनेल मेसी की टीम अर्जेंटीना को 2-1 से हराया था। अर्जेंटीना की हार को विश्व कप इतिहास का सबसे बड़ा उलटफेर बताया जा रहा है। हार के बाद लियोनेल मेसी को मुंह छिपाते हुए देखा गया था। विश्व रैंकिंग में अर्जेंटीना के आगे सऊदी अरब कहीं नहीं टिकता। दिग्गजों का मानना था कि दिग्गज लियोनेल मेसी के नेतृत्व में अर्जेंटीना विपक्षी सऊदी अरब को एकतरफा हरा देगी, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। अर्जेंटीना 3 साल से अजेय थी और 2022 टूर्नामेंट जीतने के लिए पसंदीदा टीमों में शामिल है। सऊदी की इस जीत से फैंस का उत्साह 7वें आसमान पर है, जबकि शानदार जीत के बाद सऊदी अरब के प्रत्येक खिलाड़ी को देश के शाही परिवार की ओर से एक रोल्स रॉयस भेंट की जाएगी। कतर से लौटने पर प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान अल सऊद प्रत्येक खिलाड़ी को RM6 मिलियन रोल्स रॉयस फैंटम भेंट करेंगे। अविश्वसनीय जीत के बाद हैरान सऊदी में शानदार पार्टियों का दौर है। रियाद में चलती ऑटोमोबाइल की खिड़कियों से अपने देश का झंडा लहराया, जिसमें एक तलवार का डिजाइन शामिल था। अरब न्यूज के अनुसार, प्रिंस की ओर से एक सुझाव के बाद राजा ने भी देश में एक दिन उत्सव के तौर पर छुट्टी की घोषणा की थी। रिपोर्ट में सऊदी प्रेस एजेंसी के हवाले से कहा गया है कि सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के सभी कर्मचारियों और छात्रों को छुट्टी दी जाएगी।



# क्रोएशिया को सपोर्ट करने पहुंचीं सबसे हॉट फैन, हरकतों के चलते जाना पड़ सकता है जेल

कतर, एजेंसी। पूर्व मिस क्रोएशिया इवाना नॉल फीफा वर्ल्ड कप में अपनी टीम को सपोर्ट करने पहुंच चुकीं हैं, लेकिन इस्लामिक देश कतर में इस बार का विश्व कप कई पाबंदियों के साथ हो रहा है, जिसके नियमों की धज्जियां उड़ाना उन्हें महंगा भी पड़ सकता है। छोटे कपड़े पहनकर इवाना दोहा में इधर-उधर घूम रहीं हैं। सोशल मीडिया पर फोटोज अपलोड कर रहीं हैं। इंस्टाग्राम पर अपनी बिंदास फोटोज पोस्ट करने के लिए इन्हें इस विश्व कप का सबसे सेक्सी प्रशंसक भी कहा जा रहा है। पानी के सामने छोटे कपड़ों में क्लिक की गई तस्वीरें इवाना को जेल भी पहुंचा सकती है।

### खास ड्रेस में सपोर्ट

इवाना नॉल मोरक्को के खिलाफ मैच में अपनी टीम की स्पेशल ड्रेस पहनकर आईं थीं।

### इवाना के लाखों दीवाने

इवाना नॉल मॉडल, इंस्टाग्राम, टिकटॉक स्टार और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर हैं। इंस्टाग्राम पर उन्हें 5,78,000 से ज्यादा लोग फॉलो करते हैं।

### करोड़ों की मालकिन

इवांका ने निजी हाई स्कूल में पढ़ाई की और उसके पास विश्वविद्यालय की डिग्री नहीं है। बावजूद इसके महंगी कारें, एक बड़ी हवेली की मालकिन हैं।

### उम्र 30 साल

30 साल की इवाना नॉल 16 सितंबर 1992 को फ्रैंकफर्ट जर्मनी में पैदा हुई थी।

### ब्यूटी क्वीन

2016 में इवाना ने मिस क्रोएशिया के ब्यूटी पेजेंट में भी हिस्सा लिया था, लेकिन जीत नहीं पाई थीं।

## अरिजीत सिंह के कॉन्सर्ट में 16 लाख की टिकट, तगड़े फैंस भी बोले- प्यार है लेकिन ये ना हो पाएगा



**मुंबई ,ईएमएस।** बॉलीवुड के बेहतरीन सिंगर अरिजीत सिंह ने अपनी शुरुआत से ही लाखों दिल जीत लिए हैं और संगीत में सबसे बड़े नामों में से एक बन गए हैं। वास्तव में, एक हिट फिल्म के लिए अरिजीत सिंह का गाना न होना लगभग असंभव है। इस वक्त अरिजीत सिंह का जो क्रेज है उसके बारे में क्या ही कहें। बच्चे से लेकर बूढ़े तक सभी उन्हें जानते हैं और उनके गानों को पसंद करते हैं। यही नहीं अरिजीत के कॉन्सर्ट में भारी भीड़ होती है। फैंस से प्यार बटोरने के अलावा, हिटमेकर ने अपने दिल को छू लेने वाले गानों से भी कमाई की है। सिर्फ फिल्में ही नहीं, अरिजीत को दुनिया भर में अपने लाइव गिग्स का भी हिस्सा मिलता है। सिंगर ने 2019 फोर्ब्स इंडिया सेलिब्रिटी 100 लिस्ट में भी जगह बनाई है। अरिजीत का कुछ ही दिनों में होनेवाला कॉन्सर्ट भी सुर्खियों में बना हुआ है।

### अरिजीत के शो में 16 लाख की टिकट

अरिजीत सिंह की लोकप्रियता के विशाल पैमाने को देखते हुए उनके शो और म्यूजिक कॉन्सर्ट का आयोजन करने वालों के लिए ज्यादा कीमत पर टिकट बेचना आसान है। हालांकि, उनके आनेवाले पुणे कॉन्सर्ट की टिकट की कीमत 16 लाख रुपये तक जा रही है, जिसने सबसे बड़े फैंस को भी चकित कर दिया है।

### अगले साल पुणे में कॉन्सर्ट

अरिजीत सिंह अगले साल जनवरी में पुणे के द मिल्स में एक म्यूजिक कॉन्सर्ट में परफॉर्म करेंगे। स्टैंडिंग एरिया की कीमत 999 रुपये से शुरू होती है और एरिना में प्रीमियम लाउंज के लिए 16 लाख रुपये तक जा रही है। एक ट्विटर यूजर के अनुसार प्रीमियम लाउंज 1, जिसकी कीमत 16 लाख रुपये हैं। इसमें अनलिमिटेड खाना ( 3 शाकाहारी, 3 नॉन-वेज स्टार्टर्स, 2 वेज, 2 नॉन-वेज मेन कोर्स और 1 इंटरनेशनल मिठाई ) के साथ 40 लोग। इसके साथ शराब और बियर भी मिलेगी।

### मिले हैं कई अवॉर्ड्स

अरिजीत एक नेशनल अवॉर्ड और 6 फिल्मफेयर अवॉर्ड्स के विनर हैं। उन्हें अक्सर भारतीय संगीत इंडस्ट्री में हर समय के बेस्ट सिंगर्स में से एक के रूप में माना जाता है और उन्होंने पूरे साउथ एशिया में खासकर भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश और नेपाल में एक बड़ा फैनबेस बनाया है। उन्हें च्प्लेबैक सिंगिंग के बादशाहज्ज के रूप में भी जाना जाता है।

### 2013 में शुरुआत

उन्होंने अपना करियर तब शुरू किया, जब उन्होंने 2005 में रियलिटी शो च्फेम गुरुकुलज्में भाग लिया, लेकिन 2013 में उनके गाने च्तुम ही होज और च्चाहूं मैं या नाज्की रिलीज़ के बाद उन्हें भयंकर पहचान मिली।

## करण जौहर की पार्टी के बाद लड़खड़ाई सीमा सचदेव

**यूजर्स बोले- मुझे पीने का शौक नहीं, गम भुलाने को**

**मुंबर्द, एजेंसी।** बॉलीवुड एक्टर सोहेल खान की एक्स वाइफ सीमा सचदेव अब घर-घर में जानी जाती हैं। उन्होंने करण जौहर के पॉप्युलर शो च्फैब्युलस लाइव्स ऑफ बॉलीवुड वाइव्सज्से अपनी अलग पहचान बनाई। इसमें हालांकि उनके अलावा माहीप कपूर, भावना पांडे और नीलम कोठारी भी नजर आई हैं। खैर। मुद्दे पर आते हैं। अब करण जौहर ने 25 नवंबर को एक पार्टी थ्रो की, जिसमें भी वह नजर आई लेकिन बाद में ये ट्रोल हो गई। दरअसल, सीमा सचदेव का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। उन्हें शुक्रवार की रात पपाराजी ने स्पॉट किया था। लेपर्ड प्रिंट आउटफिट में वह काफी कमाल की लग रही थीं। अब इसी दौरान कुछ ऐसा हुआ, जिसकी वजह से उनकी चर्चा होने लगी। हुआ यूं कि जब वह पार्टी से बाहर आईं तो वो एक जगह से दूसरे जगह पोज देने में लड़खड़ा गईं। इतना ही नहीं, सम्भलने के लिए वह दीवार का सहारा भी लेती हैं। इसके बाद फोन पर बात करती हैं। पपाराजी से वह कहती भी हैं- हैलो, मैं अच्छी हूं। अब इसी वाकये पर लोगों ने ट्रोल करना शुरू कर दिया।

## छोटी बच्ची जैसे पापा जैकी श्रॉफ का हाथ थामे नजर आईं बेटी कृष्णा



**मुंबई,ईएमएस।** बॉलीवुड एक्टर टाइगर श्रॉफ अक्सर खबरों में छाए रहते हैं। लेकिन कई बार उनकी फैमिली भी लाइमलाइट बटोर ही लेती है। उनकी बहन कृष्णा श्रॉफ वैसे तो दिशा पाटनी के साथ स्पॉट होती हैं लेकिन इस बार वह दिग्गज सुपरस्टार और पापा जैकी श्रॉफ के साथ नजर आईं। दोनों के साथ का ये वीडियो अब सोशल मीडिया पर धड़ल्ले से वायरल हो रहा है। लोग खूब वाहवाही भी कर रहे हैं। दरअसल, जैकी श्रॉफ अपनी बेटी के साथ किसी इवेंट में पहुंचे थे। वहां ये दोनों काफी अलग अंदाज में दिखाई दिए। जैकी श्रॉफ ने जहां ब्लैक एंड व्हाइट आउटफिट पहना था। वहीं बेटी ने भी स्टाइलिश लुक कैरी किया था। पपाराजी ने इन्हें बाहों में बाहें डाले स्पॉट किया। दोनों ने मीडिया को बखूबी पोज भी किया और अब वीडियो सोशल मीडिया पर तैरने लगा। जैकी श्रॉफ और कृष्णा श्रॉफ के इस वीडियो के सामने आने के बाद लोगों ने कमेंटबाजी शुरू कर दी। मोहल्ले की चाचियों की तरह पंचायत बिठा ली। एक ने लिखा- सुपरस्टार भीडू, अपना भीडू, जग्गू दादा और किशू। दूसरे ने लिखा- टाइगर श्रॉफ मिनी स्कर्ट में। तीसरे ने लिखा- जैकी दादा की पतलून। चौथे ने कहा- जैकी ने पूरे कपड़े पहने लेकिन लड़की को नहीं पहनाया।

### हद ग्लैमरस हैं कृष्णा श्रॉफ

बता दें कि जैकी श्रॉफ की बेटी रियल लाइफ में बेहद ग्लैमरस हैं। उनके सामने बॉलीवुड की बड़ी-बड़ी एक्ट्रेस फीकी पड़ जाती हैं। हालांकि उन्होंने इंडस्ट्री से दूरी बनाई हुई है लेकिन सभी उनके बारे में जानते हैं। उनके रंग-रूप से वाकिफ हैं। सोशल मीडिया पर भी वह अपने हुस्न से पारा बढ़ा देती हैं। ऐसी-ऐसी दिलकश तस्वीरें पोस्ट करती हैं, जिसे देखते ही फैन्स आहें भरने लग जाते हैं।



## आर्थिक तंगी की वजह से ऑडिशन्स देने नहीं जा पाती थीं टीना, आज एक हफ्ते में कमा लेती हैं करोड़ों

**मुंबई, एजेंसी।** छोटे पर्दे की मशहूर अभिनेत्री टीना दत्ता इस समय बिग बॉस में नजर आ रही हैं और शालीन भनोट संग अपने रिश्ते को लेकर खूब चर्चा बटोर रही हैं। अभिनेत्री 26 नवंबर को अपना जन्मदिन सेलिब्रेट करती हैं, ऐसे में इस बार अभिनेत्री अपना जन्मदिन बिग बॉस के घर में ही मनाने वाली हैं। टीना दत्ता उतरन सीरियल में इच्छा के किरदार से घर-घर फेमस हुई थीं और उन्होंने कई टीवी सीरियल में अपने अभिनय से खूब नाम कमाया है। आज टीना लग्जरी लाइफ जीती हैं लेकिन एक समय ऐसा भी था जब ऑडिशन देने मुंबई जाने के लिए उनके पास पैसे नहीं थे। अभिनेत्री ने खुद ये किस्सा साझा किया था। 27 नवंबर 1991 में जन्मीं टीना दत्ता ने टीवी के अलावा बंगाली सिनेमा में भी खूब नाम कमाया है। टीना दत्ता ने भले ही बेहद कम उम्र से ही अपने करियर की शुरुआत कर दी हो सही मायने में साल 2009 में छोटे पर्दे पर सीरियल्स से अभिनय की दुनिया में पैर जमाना शुरू किया था। हाल ही में उन्होंने बिग बॉस के घर में शिव ठाकरे से बात करते हुए अपनी करियर की जर्नी के बारे में बातें शेयर कीं। शिव ठाकरे संग बात करते हुए टीना दत्ता बताती हैं कि उनकी जिंदगी में एक समय यह आया था कि जब वह आठवीं और नौवीं क्लास में थी, तभी उन्हें एक्टिंग के कई प्रोजेक्ट्स मिल रहे थे। हालांकि उस समय उनके माता-पिता के पास इतने पैसे नहीं थे कि वह कोलकाता से फ्लाइट की टिकट बुक करवाकर उन्हें मुंबई भेज सकें, क्योंकि उस समय फ्लाइट के टिकट काफी महंगे हुआ करते थे। वह बताती हैं कि इस वजह से वह ऑडिशन देने नहीं जा पाई थीं। टीना दत्ता ने यह भी कहती हैं कि एक मध्यम वर्गीय परिवार काफी साधारण होती है और वह और उनका परिवार इंटरनेट कनेक्शन के लिए भी तरस जाता था। उन्होंने बताया कि शुरूआती दिनों में कुछ ऑडिशन उन्होंने ईमेल के जरिए दिए थे। बात करें टीना दत्ता की नेट वर्थ की तो वह इस समय बिग बॉस की सबसे अमीर कंटेस्टेंट मानी जा रही हैं। एक रिपोर्ट की मानें तो टीना दत्ता की नेट वर्थ करीब 65 करोड़ रुपये है। मौजूदा समय की बात करें तो जानकारी के मुताबिक, बिग बॉस से टीना दत्ता हर हफ्ते तकरीबन सात से आठ लाख की कमाई कर रही हैं, वहीं ब्रांड एंडोर्समेंट और सीरियल आदि से भी वह कमाई करती हैं।

# बिहार की जेल से ही गिरोह को ऑपरेट कर रहा सुबोध

यश भारत फॉलोअप

## अब तक 300 किलो सोना लूट चुके हैं मण्णपुरम बैंक डकैती के आरोपी



पकड़े गए दो आरोपियों से पूछताछ में पुलिस को मिले कई महत्वपूर्ण सुराग, सीन रिक्रिएट करवाकर पुलिस कर रही कई एंगिल से जांच

कटनी, यशभारत। मण्णपुरम गोल्ड फाइनेंस बैंक में शनिवार की सुबह हुई डकैती की सनसनीखेज वारदात के दो आरोपी पकड़े जाने के बाद फरार 4 आरोपियों को गिर तार करने के लिए पुलिस की 12 टीमें अलग-अलग स्थानों के लिए रवाना की गई हैं। इस पूरे ऑपरेशन का नेतृत्व जबलपुर जोन के एडीजी उमेश जोगा कर रहे हैं। टीम में कटनी के साथ ही मंडला, जबलपुर, डिण्डौरी एवं अनूपपुर पुलिस को शामिल किया गया है। बैंक डकैती की वारदात को अंजाम देने के बाद दो बदमाशों को मंडला जिले की निमास पुलिस ने गिरफ्तार किया था। गिर तार किए गए दोनों बदमाशों को कटनी पुलिस ने रविवार को मण्णपुरम गोल्ड फाइनेंस बैंक ले जाकर पूरी घटना का सीन रिक्रिएट करवाया। दोनों बदमाशों से पूछताछ के बाद पुलिस को गिरोह के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी हाथ लगी है। बैंकों में डकैती और लूट की वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह का मुखिया सुबोध बिहार की जेल में बंद है और जेल के अंदर से ही गिरोह को ऑपरेट कर रहा है। यह भी पता चला है कि बरगवां स्थित मण्णपुरम गोल्ड फाइनेंस बैंक में डकैती की वारदात की योजना उसी ने तैयार की थी। गिरोह ने अब तक देश के अलग-अलग हिस्सो में कई संगीन वारदातों को अंजाम देते हुए बैंकों से 300 किलो सोना और लाखों रूपए की डकैती की है। इसका खुलासा रविवार को पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित पत्रकारवार्ता में पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन ने किया।

### 15 दिन से कर रहे थे रैकी

सूत्रों ने बताया कि बैंक डकैती के आरोपी पिछले 15 दिनों से रैकी कर रहे थे। बघराजी में एक किराए का मकान लेकर आरोपियों द्वारा न केवल कटनी बल्कि आसपास के कई जिलों में जाकर वारदात को अंजाम दिए जाने की योजना बनाई जा रही थी। इन सब में बरगवां स्थित मण्णपुरम गोल्ड फाइनेंस बैंक में वारदात को अंजाम देकर भागना आरोपियों को काफी सेफ लगा, इसके पीछे मुख्य वजह मण्णपुरम बैंक में सिक्योरिटी सिस्टम काफी कमजोर होना रहा, साथ ही बैंक हाईवे पर स्थित है और वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी आसानी से यहां से भाग सकते थे। यही कारण है कि आरोपियों ने डकैती की वारदात को अंजाम देने के लिए मण्णपुरम गोल्ड फाइनेंस बैंक को ही चुना।

### सीन रिक्रएट करवाया पुलिस ने, कई बिन्दुओं पर हो रही जांच, स्थानीय व्यक्ति की मदद की भी पड़ताल

बैंक डकैती के दो आरोपी पकड़े जाने के बाद अब पुलिस कई बिन्दुओं पर जांच कर रही है। पुलिस ने सबसे पहले पकड़े गए आरोपियों को निमास से कटनी जाकर मण्णपुरम गोल्ड फाइनेंस बैंक ले जाकर पूरी वारदात का सीन-रिक्रिएट करवाया। आरोपी कैसे बैंक के अंदर घुसे और पूरी वारदात को किस तरह अंजाम दिया और फिर किस तरह भागे। इस जानकारी के आधार पर फरार चार आरोपियों को पकड़ने की कोशिश की जा रही है। आरोपियों ने पूछताछ में पुलिस को यह भी बताया कि पुलिस को भ्रमित करने के उद्देश्य से ही बदमाश अलग-अलग दिशा में भागे। पुलिस अब इस बात की भी जांच कर रही है कि बैंक डकैती की इतनी बड़ी वारदात को अंजाम देने में क्या किसी स्थानीय व्यक्ति ने मदद की है?



## दो बाइक, कट्टा, कारतूस एवं 20 हजार नगद बरामद

पुलिस ने बैंक डकैती की इस वारदात में बैंक कर्मचारी की लूटी गई हीरो सीडी डीलक्स मोटर साइकिल एमपी 21 एमएस 3192 एवं घटना में प्रयुक्त दो अन्य मोटर साईकिल क्रमांक एमपी 21 एमजे 4674 एवं घटना में प्रयुक्त देशी कट्टा, 1 जिंदा कारतूस, लूट की नगदी में से 10-10 हजार रूपये, घटना के समय पहने हुए कपड़े एवं जूते बरामद किए गए हैं।

## पुलिस टीम के लिए ईनाम की घोषणा की एडीजी ने

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक जबलपुर जोन उमेश जोगा द्वारा 24 घंटे के अंदर दिन-दहाड़े बैंक डकैती के दुर्दांत अपराधियों की गैंग का खुलासा कर दो आरोपियों को गिर तार करने में शामिल कटनी पुलिस टीम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुरूस्कृत किये जाने की घोषणा की गई है एवं फरार आरोपियों की गिर तारी सूचना पर 30-30 हजार रूपये के ईनाम की उद्घोषा की गई है।

## डीजीपी को दी घटनाक्रम की जानकारी, हर एंगल से जांच

पत्रकारवार्ता में पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन ने बताया कि शनिवार की सुबह मण्णपुरम गोल्ड फाइनेंस बैंक में डकैती की वारदात की जानकारी पुलिस महानिदेशक भोपाल सुधीर सक्सेना को भी दी गई एवं उनसे दिशा-निर्देश प्राप्त करते हुए सायबर सेल टीम, फिंगर प्रिंट टीम, डाग स्कवाड को एक्टिव किया गया। टीम ने घटनास्थल से महत्वपूर्ण जानकारी एवं साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि उदयपुर में 29 अगस्त को हुई लूट के तार इस घटना से मिल रहे हैं। इस एंगिल से ही पुलिस जांच कर रही है। इसके अलावा बिहार पुलिस से संपर्क कर आरोपियों का पूरा रिकार्ड मंगाया गया है।

## डकैती से पहले कई बार रैकी करने बैंक तक आए लुटेरे

पत्रकारवार्ता में पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन ने बताया कि मण्णपुरम गोल्ड फाइनेंस बैंक में डकैती की वारदात को आधा दर्जन बदमाशों ने अंजाम दिया था। ये लुटेरे घटना को अंजाम देने के कई दिन पहले से बैंक को निशाने पर ले चुके थे। एक-दो दिन के अंतराल में उन्होंने कई बार इस स्थान की रैकी की। एसपी ने बताया कि लगभग एक माह से यह गिरोह संभाग में सक्रिय था, किन्तु कटनी के मुख्य मार्ग पर मण्णपुरम बैंक होने की वजह से यह स्थान डकैती के लिए इन्हें मुफीद लगा। दो बदमाशों को मंडला जिले की निमास पुलिस ने नाकेबंदी के दौरान गिर तार किया था। पकड़े गए बदमाशों में शुभम तिवारी पिता राजेश तिवारी उम्र 24 साल निवासी पटना बिहार एवं अंकुश साहू उर्फ विवेक पिता अनिल कुमार साहू उम्र 25 साल निवासी बक्सर बिहार शामिल हैं। उन्होंने अपने साथियों अखिलेश उर्फ विकास उर्फ जॉन निवासी वैशाली बिहार, अर्जुन उर्फ पीयूष उर्फ आयुष जायसवाल निवासी पटना बिहार, मिथिलेस उर्फ धर्मेन्द्र पाल निवासी बक्सर बिहार एवं अमित सिंह उर्फ विक्कू निवासी हॉजीपुर वैशाली बिहार के साथ वारदात को अंजाम दिया स्वीकार किया। निमास में दो आरोपियों के पकड़े जाने के बाद कटनी जिले से पुलिस टीम थाना निमास जिला मण्डला भेजकर पकड़े गये आरोपियों को कटनी लाकर पूछताछ की गई। आरोपियों का पुलिस रिमाण्ड लेकर पूछताछ की जा रही है एवं अन्य आरोपियों को गिर तार करने के लिए पुलिस की 12 टीमें विभिन्न स्थानों पर रवाना की जा गई हैं।



प्लाट बिकाऊ हैं

शांतिनगर, बारह बंगला, राय कॉलोनी एवं समदड़िया सिटी के पास हर साइज के प्लाट उपलब्ध हैं।

दर- 1000/- से 1200/- प्रति वर्गफुट

अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें - मो. 9993705740

## घर में अकेले रह रहे युवक ने लगाई फांसी

कोतवाली के राजीव गांधी वार्ड में घटना



**कटनी, यशभारत।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत राजीव गांधी वार्ड में एक युवक के द्धारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। पड़ोसियों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले को जांच में लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार राजीव गांधी वार्ड निवासी 19 वर्षीय जयंत चौधरी पिता स्वर्गीय तपन कुमार चौधरी शनिवार को घर पर था। रात में उसके द्धारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। माता-पिता के स्वर्गवास के बाद युवक घर पर अकेला रह रहा था और उसकी बहन बाहर रह रही है। दोपहर तक जब युवक का कोई पता नहीं चला तो पड़ोसियों ने दरवाजा खटखटाया लेकिन कोई आवाज नहीं आई। झांककर देखा तो जयंत का शव फांसी के फंदे पर लटक रहा था। जयंत ने यह आत्मघाती कदम किन कारणों के चलते उठाया है इसका खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

## खदान में दूसरे दिन भी लापता छात्र की तलाश में चला रेस्क्यू ऑपरेशन





लापता छात्र अमूल गौतम की खदान में तलाश करते गोताखोर

**कटनी/कैमोर, यशभारत।** बीते शुक्रवार से लापता डीएवी एसीसी स्कूल के छात्र अमूल गौतम की तलाश में आज दूसरे दिन भी रेस्क्यू अभियान चलाया गया। नाव के जरिये खदान में अमूल की खोज की जाती रही। पानी के भीतर कैमरे से भी तस्वीरें लेने का प्रयास किया गया पर आज दोपहर तक भी लापता अमूल की तलाश में रेस्क्यू टीम को कोई कामयाबी नहीं मिली है।

उल्लेखनीय है कि एसीसी डीएवी स्कूल कैमोर की कक्षा 11 वीं का 16 . 17 वर्षीय छात्र अमूल गौतम बीते शुक्रवार अपने घर से बाल कटवाने के लिए निकला था जो घर वापस नहीं लौटा। पिता राजनारायण गौतम द्वारा थाने में गुम इंसान की सूचना दिए जाने के बाद से पुलिस लापता छात्र की तलाश कर रही। शनिवार की शाम डम्फर रोड से लगी बागड़िया खदान के बाहर छात्र की चप्पल मिलने से उसके खदान में डूब जाने की आशंका व्यक्त की जा रही थी। कैमोर थाना प्रभारी के प्रयासों से कटनी से रेस्क्यू टीम बुलवाकर कल रविवार को पूरे दिन खदान में सर्चिंग अभियान चलाया गया पर सफलता नहीं मिली। रात हो जाने के बाद रेस्क्यू टीम कटनी वापस लौट गई थी। आज सुबह टीम फिर कैमोर पहुंची और सर्चिंग ऑपरेशन शुरू किया लेकिन कई घन्टे बाद भी कामयाबी नहीं मिली। टीम के एक वरिष्ठ सदस्य का कहना है कि या तो छात्र पानी में डूबा ही नहीं या फिर ठंड के कारण शव बाहर आने में देर हो रही। बहरहाल लापता छात्र का पता नहीं लग पाने से परिजन परेशान है। तरह तरह की आशंकाएं उन्हें और परेशान कर रही। थाना प्रभारी सुदेश सुमन के अनुसार अगर आज भी रेस्क्यू टीम को सफलता नहीं मिली तो अन्य संभावनाओं पर भी विचार किया जाएगा।




## आम के पेड़ में प्रौढ़ ने लगाई फांसी

**कटनी,यशभारत।** कुठला थाना अंतर्गत ग्राम पौंसरा में एक 52 वर्षीय प्रौढ़ के द्धारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम पौंसरा निवासी 52 वर्षीय बैशाखू पिता जिठ्ठू रजक के द्धारा आम के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। आम के पेड़ में फंदे पर बैशाखू की लटकी लाश देखकर ग्रामीणों ने सूचना पुलिस व परिजनों को दी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। आत्महत्या किए जाने के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

JOHNSON®
Not just tiles, Lifestyles.



सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान

समर्थ मार्बल एण्ड ग्रेनाईट

पता- जॉकी शोरूम के पास में कटनी-जबलपुर रोड, बरगवां, मो. 9425153498, 7067666668



वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ
डॉ. अशोक चौदहा
एम.बी.बी.एस.डी.सी.एच.
क्लीनिक- राष्ट्रीय स्कूल के पास, घंटाघर रोड, कटनी
मरीज देखने का समय- 10.30 से 3 बजे तक
निवास- डन कॉलोनी बरगवां, कटनी
मरीज देखने का समय सुबह 9 बजे से 10 बजे तक
सायं 6.30 से रात्रि 8 बजे तक
मो. 9893723087, 8319994375


डॉ. दीपक सक्सेना


डॉ. शोभना सक्सेना

श्री SHRI HOSPITAL KATNI

विश्वसनीय आईसीयू केयर, जनरल दूरबीन एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन, फिजीशियन, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ

सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ द्वारा दांतों के सभी प्रकार के इलाज की सुविधा उपलब्ध है।

डॉ. शोभित प्यासी
बी.डी.एस./एम.डी.एस.
रूट कैनाल विशेषज्ञ

डॉ. उपासना स्थापक
बी.डी.एस./एम.डी.एस.
पाइरिया एवं इम्पलांट विशेषज्ञ



संपर्क करें: श्री हॉस्पिटल एम०एम० चौबे वार्ड बरगवां कटनी
9425325316, 9425151543, 9752414316

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)